दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित
● नई दिल्ली। गुरुवार 20 नवम्बर-2025 ● वर्ष: 10 अंक: 332 पेज-08 ● RNI NO. DELHI/2015/65364 ● मूल्य: ₹3

## नीतीश आज लेंगे सीएम पद की शपथ



**पटना।** बिहार में नई सरकार गठन की प्रक्रिया तेज हो गई है। एनडीए विधायक दल की बैठक में सर्वसम्मति से मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को फिर से एनडीए विधायक दल का नेता चुन लिया गया। इसके बाद शपथ ग्रहण समारोह के लिए कल का दिन तय किया गया है। एनडीए के सभी सहयोगी दलों ने नीतीश कुमार के नेतृत्व पर एक बार फिर भरोसा जताया है।

जेडीयू बिहार प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने बैठक के बाद कहा कि शपथ ग्रहण समारोह कल होगा। एनडीए नेता का चयन हो चुका है। सभी एनडीए सहयोगियों ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को एनडीए विधायक दल का नेता चुना है।

इसी क्रम में आरएलएम की नेता स्नेहलता ने भी नीतीश कुमार के नेतृत्व पर विश्वास जताते हुए कहा कि नीतीश कुमार ही मुख्यमंत्री होंगे। वह वैसे ही काम करते रहेंगे जैसे अब तक करते आए हैं। एनडीए सरकार ने महिलाओं के लिए काम किया है और आगे भी करती रहेगी। एलजेपी (आर) की ओर

विस्तृत खबर, पृष्ठ 2

# नगर निगम हाउस टैक्स वृद्धि मामले में हाईकोर्ट ने लगाई 26 नवंबर की डेट

## चीफ जस्टिस की अदालत में हो रही है मामले की सुनवाई







**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** हाउस टैक्स बढ़ाये जाने के विरोध में भाजपा के पूर्व पार्षदों ने मोर्चा खोला था। पूर्व पार्षद राजेन्द्र त्यागी, पूर्व पार्षद अनिल स्वामी और पूर्व पार्षद हिमांशु मित्तल इस मामले में हाईकोर्ट चले गये। पूर्व पार्षदों ने हाईकोर्ट में याचिका दायर की और अदालत को अवगत कराया कि नगर निगम एक्ट की नियमावली के खिलाफ जाकर यह हाउस टैक्स की दर बढ़ाई गई है। हाईकोर्ट ने इस मामले में याचिका सुनवाई के लिए स्वीकार की और नगर निगम से जवाब दाखिल करने के लिए कहा।

नगर निगम ने भी अपने अधिवक्ता के माध्यम से पहले शपथ पत्र के साथ जवाब दाखिल किया। इसके बाद याचिका कर्ताओं ने अपना जवाब दाखिल किया। इन जवाबों में 100 पेज का वो हल्फानामा भी शामिल है जो नगर निगम ने दाखिल किया और पूर्व पार्षदों ने उस हल्फनामे का जवाब दिया। गौरतलब है कि इस मामले की सुनवाई इलाहाबाद हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस की अदालत में हो रही है। बुधवार को इस मामले में सुनवाई होनी थी। मगर अब इस मामले में अदालत ने सुनवाई के लिए 26 नवंबर की तारीख लगाई है।

**दैनिक करंट क्राइम से बातचीत में** इस केस के याचिकाकर्ता पूर्व पार्षद तथा पूर्व जीडीए बोर्ड सदस्य हिमांशु मित्तल ने बताया कि बुधवार को सुनवाई होनी थी लेकिन इसमें दूसरे पक्ष के अधिवक्ता अदालत में हाजिर नहीं हुए और बुधवार को चीफ जस्टिस भी नहीं थे। इसके बाद ये केस सुनवाई के लिए दूसरी अदालत में ट्रांसफर किया गया था मगर इसमें दूसरे पक्ष के अधिवक्ता के ना आने पर केस में सुनवाई के लिए अगली तारीख लगाई गई है। उन्होंने बताया कि दोनों ही पक्ष दो-दो बार अपना जवाब दाखिल कर चुके हैं।

हिमांशु मित्तल ने कहा कि हमें उम्मीद है कि 26 नवंबर को इस मामले में इलाहाबाद हाईकोर्ट फैसला सुनायेगा। उन्होंने कहा कि हम इस बात की उम्मीद करते हैं कि हमने निगम एक्ट अधिनियम का हवाला दिया है और जिन तथ्यों के साथ हम अदालत में आये हैं उन तथ्यों पर अदालत भी संज्ञान लेगी और जो भी फैसला आयेगा वो जनता के हित में होना चाहिए।

# 19 दिन में काटे गए 90,894 वाहन चालकों के चालान

## 23,200 से ज्यादा दोपहिया वाहन चालकों पर हुआ एक्शन

### - थार से लेकर काली फिल्म वालों का हुआ है ईलाज








**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में ट्रैफिक पुलिस का 1 नवंबर से 30 नवंबर तक यातायात माह चलता है। यातायात माह के तहत ट्रैफिक पुलिस से लेकर सिविल पुलिस नियम तोड़ने वालों के चालान करने का काम करती है। यातायात पुलिस के अधिकारियों से मिली जानकारी के अनुसार 1 नवंबर से लेकर 19 नवंबर तक गाजियाबाद में कुल 90894 वाहन चालकों के चालान किए गए हैं। जिसमें 23200 वाहन चालक दोपहिया वाले हैं, जो बिना हेलमेट, रॉन्ग साइड और दोपहिया वाहनों पर तीन लोग सवार होकर यातायात नियम तोड़ रहे थे, उनपर कार्रवाई की गई है। यातायात पुलिस के अधिकारियों ने बताया है कि अभी 11 दिन का समय इस माह में शेष है। अब उम्मीद की जा रही है कि इस बार यातायात पुलिस का यह आंकड़ा डेढ़ लाख से अधिक दर्ज किया जाएगा। एसीपी ट्रैफिक प्रथम जियाउद्दीन ने बताया है कि बीते करीब 19 दिनों में गाजियाबाद यातायात पुलिस द्वारा शहर के प्रमुख चौराहों पर नियम तोड़ने वालों के विरुद्ध कार्रवाई की गई है।

### नियम तोड़ने वालों पर ट्रैफिक पुलिस ने की अधिक कार्रवाई



करंट क्राइम : ट्रैफिक पुलिस का यातायात माह चल रहा है। तो इसमें ट्रैफिक पुलिस के साथ ही सिविल पुलिस भी नियम तोड़ने वाले वाहन चालकों को सबक सिखाती है, उनके चालान करती है। गाजियाबाद ट्रैफिक पुलिस से मिले आंकड़े के अनुसार सिविल पुलिस द्वारा बीते 19 दिनों में 23,205 लोगों पर कार्रवाई की है। तो वहीं ट्रैफिक पुलिस ने 67,689 लोगों पर यातायात नियमों का उल्लंघन करने के मामले को लेकर कार्रवाई की है। डीसीपी ट्रैफिक त्रिगुण बिसेन प्रतिदिन अलग-अलग जोन और प्रमुख इलाकों में एसीपी ट्रैफिक और ट्रैफिक इंस्पेक्टर के साथ मिलकर अभियान चलवा रहे हैं। जिसमें नियम तोड़ने वाले वाहन चालकों पर जमकर एक्शन किया जा रहा है।

### 23200 दुपहिया वाहन चालक आए पुलिस की रडार पर



करंट क्राइम : पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार यातायात पुलिस द्वारा 23,200 दोपहिया वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई की गई है। जिसमें 10,000 से अधिक ऐसे दोपहिया वाहन चालक हैं, जिन्होंने हेलमेट नहीं पहना हुआ था। साथ ही 7000 से ज्यादा ऐसे लोग हैं, जो दोपहिया वाहनों पर ट्रिपलिंग कर रहे थे। इसके साथ ही गलत दिशा और जाति सूचक नंबर प्लेट का इस्तेमाल करने पर भी कार्रवाई की गई है। वहीं गलत दिशा में आने वाले वाहन चालकों पर भी ट्रैफिक पुलिस ने चालान वाली कार्रवाई की है।




### थार और फॉर्च्यूनर वालों पर भी हो रही है कार्रवाई : डीसीपी

करंट क्राइम : गाजियाबाद यातायात पुलिस द्वारा यातायात माह का आयोजन किया जा रहा है। जिसके तहत डीसीपी ट्रैफिक त्रिगुण बिसेन ने जानकारी दी है कि अब तक 5000 से ज्यादा थार और फॉर्च्यूनर गाड़ी वालों के चालान किए गए हैं। जिन्होंने या तो काली फिल्म का इस्तेमाल किया था, या उनपर जाति सूचक शब्द लिखे हुए थे। इसके साथ ही राजनीतिक दलों के पोस्टर लगाने वालों पर भी पुलिस ने कार्रवाई की है। वहीं फैंसी नंबर प्लेट के साथ ही गाड़ी में हूटर और फैंसी लाइटिंग करने वालों को भी बक्शा नहीं गया है।

# यशोदा मेडिसिटी के निदेशक डॉ. पी. एन. अरोड़ा को मिला 'हेल्थकेयर बिजनेस एक्सीलेंस अवार्ड'

## सम्मान केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने 9वें बिजनेस लीडरशिप अवार्ड्स में प्रदान किया




**नई दिल्ली, करंट क्राइम।** इंडो-अमेरिकन चैंबर ऑफ कॉमर्स ने 9वें बिजनेस लीडरशिप अवार्ड्स में यशोदा मेडिसिटी हॉस्पिटल के चेयरमैन डॉ. पी. एन. अरोड़ा को 'हेल्थकेयर सेक्टर में बिजनेस एक्सीलेंस अवार्ड' से सम्मानित किया। यह सम्मान उन्हें भारत सरकार के वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल द्वारा प्रदान किया गया। सम्मान समारोह में शिखर सम्मेलन अध्यक्ष डॉ. ललित भसीन, सह-अध्यक्ष डॉ. अतुल चौहान, तथा उत्तर भारत परिषद के क्षेत्रीय अध्यक्ष मनोज के सिंह उपस्थित रहे।

आईएसीसी ने अपने संबोधन में कहा कि डॉ. अरोड़ा भारत की स्वास्थ्य सेवा के उन अग्रदूतों में शामिल हैं, जिन्होंने अत्याधुनिक तकनीक, विशेषज्ञ चिकित्सा और करुणामय रोगी-देखभाल का सफल समन्वय कर एक विश्वसनीय स्वास्थ्य नेटवर्क स्थापित किया है। यशोदा समूह के अध्यक्ष के रूप में उनके नेतृत्व में अस्पतालों ने बहु-विशिष्ट उपचार, उच्चस्तरीय सेवाओं और नैतिक चिकित्सा प्रथाओं की मिसाल कायम की है।

समारोह में यह भी कहा गया कि डॉ. अरोड़ा का योगदान सिर्फ संगठनात्मक विकास तक सीमित नहीं है, बल्कि वह सामुदायिक स्वास्थ्य, जन कल्याण, चिकित्सा शिक्षा और सार्वजनिक स्वास्थ्य पहलों में भी सक्रिय भूमिका निभाते हैं। उनकी दूरदर्शिता ने यशोदा समूह को देश के प्रमुख स्वास्थ्य संस्थानों की श्रेणी में स्थापित किया है, जहाँ उत्कृष्ट सेवा-मानक और बेहतर रोगी-परिणाम लगातार नई ऊँचाइयाँ छू रहे हैं। सम्मान ग्रहण करते हुए डॉ. अरोड़ा ने कहा कि यह उपलब्धि पूरे यशोदा परिवार की समर्पित टीमवर्क का परिणाम है और भविष्य में भी अस्पताल समूह समाज के हर वर्ग तक उन्नत, सुलभ और मानवीय चिकित्सा सेवाएँ पहुँचाने के लिए प्रतिबद्ध रहेगा।



**आईएसीसी ने अपने संबोधन में कहा कि डॉ. अरोड़ा का योगदान सिर्फ संगठनात्मक विकास तक सीमित नहीं है, बल्कि वह सामुदायिक स्वास्थ्य, जन कल्याण, चिकित्सा शिक्षा और सार्वजनिक स्वास्थ्य पहलों में भी सक्रिय भूमिका निभाते हैं।**

# पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में एक और आईपीएस की एंट्री, अब संख्या पहुंची नौ



**गाजियाबाद ,करंट क्राइम।** बुधवार की रात जारी हुई 23 आईपीएस अधिकारियों की सूची में गाजियाबाद पुलिस कमिश्नरेट के लिए भी एक महत्वपूर्ण नाम जुड़ गया। 2023 बैच की प्रशिक्षु आईपीएस दीप्ति को गाजियाबाद में अंडर ट्रेनिंग के रूप में पोस्ट किया गया है। उनके आने के साथ ही कमिश्नरेट में तैनात आईपीएस अधिकारियों की संख्या बढ़कर नौ हो गई है। प्रशिक्षु आईपीएस दीप्ति अब कमिश्नरेट की वरिष्ठ अधिकारियों से पुलिसिंग, कानून-व्यवस्था, फील्ड मैनेजमेंट, क्राइम कंट्रोल और सिस्टम संचालन से जुड़े महत्वपूर्ण टिप्स लेंगी। कमिश्नरेट सिस्टम बनने के बाद लगातार आईपीएस अधिकारियों की संख्या में इजाफा दिख रहा है, जिससे शहर की पुलिसिंग को और मजबूती मिलने की उम्मीद है। दीप्ति को किस एसीपी के साथ अटैच किया जाएगा, कौन सा थाना प्रभार मिलेगा और आगे उन्हें कौन-कौन सी जिम्मेदारियां दी जाएंगी, यह जल्द ही तय किया जाएगा। कमिश्नरेट में नई आईपीएस एंट्री से प्रशासनिक ढांचा और अधिक मजबूत होने की संभावना जताई जा रही है।

**कमिश्नरेट में वर्तमान आईपीएस अधिकारी इस प्रकार हैं:-**

पुलिस कमिश्नर जे रविंद गौड
एडिशनल सीपी आलोक प्रियदर्शी
एडिशनल सीपी केशव चौधरी
डीसीपी सिटी धवल जायसवाल
डीसीपी ट्रैफिक त्रिगुण बिसेन
डीसीपी ग्रामीण सुरेंद्रनाथ तिवारी
डीसीपी ट्रांस हिंडन निमिष दशरथ पाटिल
एएसपी लिपि नगायच
अब प्रशिक्षु आईपीएस दीप्ति

# पूर्व विधायक की पुत्री के विवाह में अखिलेश यादव का आना, कद बढ़ा दिया अमरपाल शर्मा का और बुन दिया भावी सियासत का ताना-बाना



**सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव दिल्ली में पूर्व विधायक अमरपाल शर्मा की पुत्री के विवाह समारोह में पहुंचे। यहां उन्होंने जिस तरह से आत्मीयता दिखाई और समय दिया। वो अपने आप में बड़ा संदेश लिए हुए है।**



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** अमरपाल शर्मा राजनीति के कुशल खिलाड़ी हैं। सबसे बड़ी बात ये है कि वो चुनावी जंग में संघर्ष का रंग भरते हैं। सफलता की ये गाथा वो पहले ही लिख चुके हैं और ये इतिहास में दर्ज रहेगा कि साहिबाबाद जैसी देश की सबसे बड़ी विधानसभा के विधायक के रूप में अमरपाल शर्मा चुनाव जीते हैं। उन्होंने खोड़ा जैसी बड़ी नगर पालिका में भाजपा को लहर के बीच हराया है और इस सीट पर उनकी पत्नी मोहिनी शर्मा चुनाव जीती हैं। यहां पर एक बड़ी बात ये भी है कि पूर्व विधायक अमरपाल शर्मा की पत्नी मोहिनी शर्मा ने खोड़ा नगर पालिका चेयर पर्सन का चुनाव निर्दलीय के रूप में जीता है। भाजपा की मजबूत पकड़ और उसके गढ़ में ये जीत हासिल करना अमरपाल शर्मा की सियासी ताकत को बताता है। अमरपाल शर्मा भले ही अब साहिबाबाद के विधायक नहीं है लेकिन उनकी राजनीतिक जमीन यहां मजबूत है और वो इस विधानसभा क्षेत्र के बड़े नगर पालिका में जीत हासिल कर चुके हैं। हाल ही में वो बागपत लोकसभा सीट से सांसद का चुनाव लड़े। वो भले ही चुनाव हार गये लेकिन जिस फाईटर अंदाज में उन्होंने चुनाव लड़ा। उस अंदाज से वो सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की गुडबुक के समाजवादियों में आ गये हैं। चुनाव जीत और हार अलग है लेकिन यहां एक सियासी जंग में एक योद्धा के तेवर जिस तरह से अमरपाल शर्मा ने दिखाये। वो उन्हें सियासत में एक मजबूती देती है। सपा को वेस्ट यूपी में एक ऐसे चुनावी फाईटर की जरूरत भी है जो चुनाव को चुनाव की तरह लड़े। यही एक वजह है कि मंगलवार को जब दिल्ली में पूर्व विधायक अमरपाल शर्मा और खोड़ा नगर पालिका चेयर पर्सन मोहिनी शर्मा की बेटी का विवाह समारोह हुआ तो इसमें पुत्री को आशीर्वाद देने के लिए समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव आये। अखिलेश यादव का अपना एक प्रोटोकॉल है और ऐसे ही इतना बड़ा नेता किसी विवाह समारोह में नहीं आता है। ये संबंधों का मजबूत ताना बाना है और इसमें आने वाली सियासत का भी एक मजबूत तराना है। अमरपाल शर्मा की पुत्री के विवाह में अखिलेश यादव आयेंगे, इस समाचार को सबसे पहले दैनिक करंट क्राइम ने प्रकाशित भी किया था और डिजीटल प्लेटफार्म पर ब्रेक भी किया था। दैनिक करंट क्राइम की खबर पर हमेशा की तरह सटीकता की मुहर लगी।

सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव दिल्ली में पूर्व विधायक अमरपाल शर्मा की पुत्री के विवाह समारोह में पहुंचे। यहां उन्होंने जिस तरह से आत्मीयता दिखाई और समय दिया। वो अपने आप में बड़ा संदेश लिए हुए है। अखिलेश यादव रात्रि 8 बजे विवाह समारोह में पहुंचे और वो इस स्टेज पर भी गये जहां दूल्हा दुल्हन मौजूद थे। यहां उन्होंने वर-वधू को आशीर्वाद दिया और वो विवाह समारोह में लगभग आधा घंटा रहे। अखिलेश यादव का आना और उनका ये अंदाज सियासत में पूर्व विधायक अमरपाल शर्मा का कद बढ़ा गया है।

सियासत वाले इस पूरे निमंत्रण से लेकर स्नेह को समझ रहे हैं। ये आने वाली सियासत का भी एक पैगाम है। अमरपाल शर्मा 2027 में चुनावी चेहरा हैं और संदेश जिस तरीके से देना था उस तरीके से अखिलेश यादव संदेश दे गये हैं। सबसे बड़ी बात ये थी कि विवाह समारोह में पूर्व विधायक अमरपाल शर्मा का अपना जलवा भी दिखाई दिया। उनकी पुत्री के विवाह समारोह में सभी राजनीतिक दलों के गणमान्य नेता पहुंचे। समाज के सभी वर्गों के प्रतिष्ठित लोग पहुंचे और एक संदेश ये भी था कि अमरपाल शर्मा की सामाजिक स्वीकार्यता है और राजनीति में वो एक मजबूत खिलाड़ी हैं।



# नीतीश कुमार चुने गए एनडीए विधायक दल के नेता

## सत्ता के शिखर पर पुरानी तिकड़ी, नीतीश सीएम और सम्राट-विजय होंगे डिप्टी सीएम






### केशव प्रसाद मौर्या ने किया विजय कुमार सिन्हा-सम्राट चौधरी के नाम का ऐलान



**पटना।** बिहार में सीएम और डिप्टी सीएम के चेहरे पर फंसा सस्पेंस खत्म हो चुका है। जदयू विधायक दल ने अपना नेता नीतीश कुमार को चुना है। जाहिर है एक बार फिर से नीतीश कुमार बिहार के मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे। डिप्टी सीएम को लेकर खबरों और सियासी गलियारे में कई नए नामों की चर्चा थी। पिछली बार बीजेपी ने तारकिशोर प्रसाद और रेणु देवी के बदले सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा को डिप्टी सीएम बनाया था। इस बार लग रहा था कि बीजेपी फिर से बदलाव कर सकती है। लेकिन विधायक दल के नेता के तौर पर सम्राट चौधरी और उपनेता के लिए विजय सिन्हा का नाम बढ़ा कर बीजेपी ने फिर से चौंका दिया। बीजेपी एक तरह से अघोषित तौर पर विजय कुमार सिन्हा और सम्राट चौधरी को उपमुख्यमंत्री पद के लिए रिपीट कर सभी को चौंका दिया है। नीतीश कुमार को जदयू विधायक दल की बैठक में सर्वसम्मति से जेडीयू विधायक दल का नेता चुन लिया गया है। जेडीयू के नवनिर्वाचित सभी विधायकों ने एक सुर से नीतीश कुमार का समर्थन किया है। अब जेडीयू के विधायक दल का नेता चुने जाने का इंतजार है। जो भी बीजेपी विधायक दल का नेता बनेगा, वही बिहार का उपमुख्यमंत्री भी बनेगा।

**बीजेपी सांसद जनार्दन ने दी विजय कुमार सिन्हा और सम्राट चौधरी को बधाई**

भाजपा सांसद जनार्दन सिंह सिग्रीवाल ने कहा, 'भाजपा विधानमंडल की बैठक में नेता के रूप में सम्राट चौधरी और उपनेता के रूप में विजय सिन्हा का चुनाव हुआ है। मैं इन दोनों को बधाई देता हूं।' एक तरह से ये तय हो चुका है कि एक बार फिर से सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा ही बिहार के उपमुख्यमंत्री होंगे।

### बिहार का बादशाह : नीतीश आज 10वीं बार लेंगे सीएम पद की शपथ

**पहला शपथ ग्रहण:**

**3 मार्च 2000**

2000 विधानसभा चुनाव में न आरजेडी और न ही एनडीए को स्पष्ट बहुमत मिला। इसके बावजूद राज्यपाल ने नीतीश कुमार (समता पार्टीझ्रएनडीए) को सरकार बनाने के लिए बुलाया। उन्होंने 3 मार्च 2000 को पहली मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। हालांकि, विश्वास मत से पहले ही बहुमत साबित न कर पाने की स्थिति में उन्होंने 10 मार्च 2000 को इस्तीफा दे दिया। ये सरकार सिर्फ 7 दिन चली।

**दूसरा शपथ ग्रहण:**

**24 नवंबर 2005**

फरवरी 2005 के हंग असेंबली के बाद अक्टूबर-नवंबर में दोबारा चुनाव हुए। इन चुनावों में एनडीए-जेडीयू+भाजपा को साफ बहुमत मिला। 24 नवंबर 2005 से 24 नवंबर 2010 तक पहली फुल-टर्म एनडीए सरकार रही। नीतीश की ह्यसुशासन बाबूह्ल और कानून-व्यवस्था में सुधार की छवि इसी दौर में बनी।

**तीसरा शपथ ग्रहण:**

**26 नवंबर 2010**

2010 विधानसभा चुनाव में जेडीयू–भाजपा गठबंधन ने भारी बहुमत से जीत हासिल की, नीतीश ने लगातार दूसरी बार एनडीए सरकार बनाई। हालांकि, 17 मई 2014 को लोकसभा में जेडीयू के बेहद खराब प्रदर्शन के बाद उन्होंने नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए सीएम पद से इस्तीफा दे दिया। बाद में जीतन राम मांझी सीएम बने।



**चौथा शपथ ग्रहण:**

**22 फरवरी 2015**

2014 में मांझी को सीएम बनाने के बाद जेडीयू में टकराव बढ़ा। पार्टी ने नीतीश को फिर नेता चुना, तब मांझी हटे और नीतीश ने दुबारा शपथ ली। यह शपथ 2015 विधानसभा चुनाव से पहले, एक तरह नीतीश की वापसी के रूप में देखी गई।

**पांचवां शपथ ग्रहण:**

**20 नवंबर 2015**

2015 के चुनाव में महागठबंधन (जेडीयू+आरजेडी+कांग्रेस) को भारी बहुमत मिला। नीतीश ने 20 नवंबर को सीएम पद की शपथ पांचवीं बार ली। तब उनके साथ तेजस्वी यादव उपमुख्यमंत्री बने। यह चरण ह्यभाजपा-विरोधीह्ल महागठबंधन और तेजस्वी के उभार का दौर था।

**छठा शपथ ग्रहण:**

**27 जुलाई 2017**

आरजेडी पर भ्रष्टाचार के आरोपों और डिप्टी सीएम तेजस्वी पर एफआईआर को लेकर हुई तनातनी के बीच 26 जुलाई 2017 को नीतीश ने बीच में ही महागठबंधन सरकार से इस्तीफा दे दिया। इसके अगले ही दिन 27 जुलाई को भाजपा के समर्थन से एनडीए सरकार बनाकर उन्होंने छठी बार सीएम पद की शपथ ली।

**सातवां शपथ ग्रहण:**

**16 नवंबर 2020**

2020 विधानसभा चुनाव में एनडीए (भाजपा+जेडीयू+सहयोगी) ने 125 सीटों के साथ बहुमत हासिल किया। हालांकि, तब आरजेडी सबसे बड़ी पार्टी रही, लेकिन एनडीए गठबंधन संख्या में आगे रहा। इस बार जेडीयू की सीटें घटीं और भाजपा दूसरी सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी, फिर भी एनडीए ने नीतीश को चेहरा बनाए रखा और इस तरह उन्होंने 7वीं बार शपथ ली।

**आठवां शपथ ग्रहण:**

**10 अगस्त 2022**

9 अगस्त 2022 को नीतीश ने फिर एनडीए (भाजपा) से रिश्ता तोड़कर महागठबंधन के साथ हाथ मिला लिया। 10 अगस्त 2022 को उन्होंने महागठबंधन सरकार के नेता के रूप में 8वीं बार सीएम पद की शपथ ली और एक बार फिर तेजस्वी यादव उनके डिप्टी बने।

**नौवां शपथ ग्रहण:**

**28 जनवरी 2024.**

जनवरी 2024 में नीतीश ने महागठबंधन और इंडिया ब्लॉक से नाराज होकर इस्तीफा दिया और दोबारा भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए में लौट गए। 28 जनवरी 2024 को राजभवन, पटना में उन्होंने 9वीं बार सीएम की शपथ ली। इस बार भाजपा के सम्राट चौधरी और विजय सिन्हा, दो उपमुख्यमंत्री बने।

---

## सपा के मुख्य प्रवक्ता और पूर्व कैबिनेट मंत्री ने गाजियाबाद में भरी एसआईआर गणना

### अखिलेश को 2027 में सीएम बनाने के लिए हर वोटर की एसआईआर गणना जरूरी: राजेंद्र चौधरी




**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** समाजवादी पार्टी के मुख्य प्रवक्ता और पूर्व कैबिनेट मंत्री राजेंद्र चौधरी (सदस्य विधान परिषद) ने आज गाजियाबाद में पार्टी के चुनावी अभियान को गति देते हुए विशेष गहन पुनरीक्षण गणना अभियान की शुरूआत की। उन्होंने गाजियाबाद के बूथ संख्या 52, कोटगांव में स्वयं एसआईआर गणना प्रपत्र भरकर बीएलओ (बूथ लेवल ऑफिसर) को जमा किया।

चौधरी ने इस अवसर पर स्थानीय मतदाताओं से अपील की कि वे विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत बीएलओ से गणना प्रपत्र लेकर उसे निर्धारित तिथि 4 दिसंबर तक समय से जमा करना सुनिश्चित करें।



**2027 के लिए एकजुट होने का आह्वान :** इससे पूर्व, गाजियाबाद महानगर कैंप कार्यालय पर समाजवादी पार्टी के पदाधिकारियों की एक महत्वपूर्ण बैठक को संबोधित करते हुए राजेंद्र चौधरी ने आगामी विधानसभा चुनावों के लिए कार्यकर्ताओं को एकजुट होने का स्पष्ट संदेश दिया।

उन्होंने कहा कि 2027 विधानसभा चुनाव में अखिलेश यादव को मुख्यमंत्री बनाने के लिए सभी कार्यकर्ताओं को एकजुट होकर अपने बूथ पर प्रत्येक मतदाता का गणना प्रपत्र भरकर जमा किया जाना सुनिश्चित करना होगा। उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश की सभी विधानसभाओं के बूथों पर समाजवादी पार्टी के एसआईआर सक्रियता से मतदाताओं से संपर्क कर रहे हैं और गणना प्रपत्र भरने में उनका सहयोग कर रहे हैं।

**उपस्थिति :** कार्यक्रम में वीरेंद्र यादव (महानगर अध्यक्ष), फैजल हुसैन (जिला अध्यक्ष गाजियाबाद), राम दुलार यादव, धर्मवीर डबास, राजदेवी चौधरी (प्रदेश उपाध्यक्ष महिला सभा), विक्की ठाकुर (युवजन महानगर अध्यक्ष), राजन कश्यप (महानगर महासचिव), शिवानंद चौबे, नागेन्द्र मौर्या, मुनीम यादव, अंकुर, धीरेन्द्र यादव, अताउल्ला खान, ओमवीर चौधरी, घासीराम शर्मा, सचिन चौधरी, महावीर चौधरी, गजेंद्र चौधरी सहित बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## एसडीजीआई ग्लोबल यूनिवर्सिटी: लॉ छात्रों ने राष्ट्रीय मूट कोर्ट प्रतियोगिता में नाम किया रोशन

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** स्कूल ऑफ लॉ एंड लीगल स्टडीज, एसडीजीआई ग्लोबल यूनिवर्सिटी तथा सुन्दरदीप कॉलेज ऑफ लॉ की दो टीमों ने हाल ही में आयोजित राष्ट्रीय मूट कोर्ट प्रतियोगिता में भाग लिया और उल्लेखनीय प्रदर्शन करते हुए विश्वविद्यालय का नाम गौरवान्वित किया। इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता में देशभर के विभिन्न लॉ कॉलेजों की कुल 18 टीमों ने भाग लिया।

दोनों टीमों ने अनुसंधान, ड्राफ्टिंग और ओरल एडवोकेसी में उत्कृष्ट कौशल का प्रदर्शन किया। प्रारंभिक दौर में एस. अविनाश, अनुराग मौर्य और शिवम बिंदल की टीम ने प्रभावशाली प्रदर्शन किया, वहीं शिल्पी यादव, दानिया अकरम और अब्दुल कादिर की टीम सेमीफाइनल तक पहुंचकर शीर्ष चार टीमों में शामिल हुई। सेमीफाइनल तक पहुँची टीम ने सुव्यवस्थित तर्क, संवैधानिक सिद्धांतों की गहन समझ और आत्मविश्वासपूर्ण प्रतिवाद प्रस्तुत कर न्यायमूर्तियों से विशेष सराहना प्राप्त की।

दोनों टीमों को असिस्टेंट प्रोफेसर वैष्णवी वत्स (कन्वीनर, मूट कोर्ट कमेटी) और इस्मत हेना (को-कन्वीनर, मूट कोर्ट कमेटी) के मार्गदर्शन का लाभ मिला। उनके साथ असिस्टेंट प्रोफेसर श्री दवेश रावत का सहयोग भी महत्वपूर्ण रहा।




छात्रों की यह उपलब्धि संस्थान द्वारा प्रदान की जाने वाली प्रैक्टिकल लीगल एजुकेशन, सतत प्रोत्साहन और उत्कृष्ट शैक्षणिक मार्गदर्शन का प्रमाण है। विश्वविद्यालय अपने छात्रों की इस सफलता पर गर्व व्यक्त करता है और भविष्य में भी अधिवक्ता कौशल, बौद्धिक जिज्ञासा और व्यावसायिकताँ को प्रोत्साहित करने के लिए प्रतिबद्ध है।

---

## कमिश्नरेट में वादी संवाद दिवस आयोजित

### 237 वादियों ने अधिकारियों के सामने रखी अपनी बात

#### जल्द समाधान का मिला भरोसा



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में बुधवार को पुलिस कमिश्नर के निर्देशन में सभी थानों पर वादी संवाद दिवस पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार आयोजित किया गया। इस पहल का उद्देश्य वादियों और पुलिस के बीच संवाद को मजबूत, कार्यप्रणाली को पारदर्शी बनाना और लंबित मामलों की शीघ्र व गुणवत्तापूर्ण विवेचना सुनिश्चित करना है।

#### वादियों और पुलिस के बीच आमने-सामने वार्ता

**करंट क्राइम :** कार्यक्रम के दौरान वादियों को थानों पर आमंत्रित कर उनके लंबित मामलों, ठगी व गुमशुदगी संबंधी मामलों की वर्तमान स्थिति से अवगत कराया गया। अधिकारियों ने प्रत्येक वादी का उनके जांच अधिकारियों से आमने–सामने कराते हुए मामलों की प्रगति, साक्ष्य की स्थिति, अगली कार्रवाई के साथ ही सभी प्रश्नों के तथ्यात्मक व संतोषजनक उत्तर प्रदान किए।

**वादी संवाद दिवस का प्रमुख उद्देश्य**

- शिकायतकर्ता और पुलिस के बीच समन्वय मजबूत करना।
- पारदर्शिता व भरोसा बढ़ाना।
- मामलों के निस्तारण में तेजी लाना।
- प्रत्येक वादी को उनकी केस स्थिति की स्पष्ट जानकारी देना ।

#### संवाद दिवस में कुल 237 वादी पहुंचे

**करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट के तीनों जोनों में वादियों की उपस्थिति इस प्रकार रही। वादी संवाद दिवस के माध्यम से पुलिस कमिश्नरेट गाज़ियाबाद ने एक बार फिर यह संदेश दिया कि सभी शिकायतों को गंभीरता से सुनना, समयबद्ध कार्रवाई करना और वादियों को संतुष्ट करना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है।

| क्र.सं. | जोन | उपस्थित वादियों की संख्या |
|---|---|---|
| 1 | नगर जोन | 76 |
| 2. | ट्रांस हिंडन जोन | 74 |
| 3. | ग्रामीण जोन | 87 |
| | | कुल 237 वादी |

## 400 पार पहुंचा गाजियाबाद का वायु प्रदूषण स्तर

- जहरीली हवा से बच्चे-बुजुर्ग परेशान
- पांचवीं तक के स्कूल हाइब्रिड मोड पर संचालित

**गाजियाबाद ,करंट क्राइम।** गाजियाबाद में वायु प्रदूषण का स्तर लगातार चिंताजनक होता जा रहा है। बुधवार को शहर का एयर क्वालिटी इंडेक्स 400 के पार दर्ज किया गया, जो अति गंभीर श्रेणी में आता है। सुबह से लेकर शाम तक धुंध और स्मॉग की चादर छाई रहने से लोगों को कुछ मीटर आगे तक दिखना मुश्किल हो रहा है।

जहरीली हवा की वजह से बच्चों और बुजुर्गों की परेशानियां तेजी से बढ़ी हैं। हालात बिगड़ते देख प्रशासन ने पांचवीं तक के स्कूलों को हाइब्रिड मोड पर संचालित करने के निर्देश दिए हैं। प्रदूषित हवा के कारण लोगों की आंखों में जलन, सांस लेने में कठिनाई और गले में खराश जैसी समस्याएं बढ़ रही हैं। विशेषज्ञों ने सलाह दी है कि नागरिक सुबह-शाम गैर-जरूरी यात्रा से बचें और बाहर निकलते समय मास्क का अनिवार्य रूप से उपयोग करें।




#### अस्पतालों में बढ़ रहे सांस और गले की समस्या वाले मरीज

**करंट क्राइम :** जिले के सरकारी और निजी अस्पतालों में सांस, खांसी, जुकाम और सिर दर्द की शिकायत लेकर आने वाले मरीजों की संख्या तेजी से बढ़ी है। डॉक्टरों के अनुसार, प्रदूषण का प्रभाव सभी आयु वर्ग पर पड़ रहा है — बच्चे, बुजुर्ग और युवा सभी इसके शिकार बन रहे हैं। चिकित्सकों का कहना है कि यह बढ़ती परेशानी सीधे तौर पर गंभीर वायु प्रदूषण से जुड़ी हुई है।

#### निगम की सख्ती और ग्रेप का भी नहीं दिख रहा असर

**करंट क्राइम :** नगर निगम की ओर से लगातार पानी का छिड़काव, धूल उड़ाने वालों पर कार्रवाई और ग्रेप नियमों के पालन के बावजूद प्रदूषण में कोई ठोस सुधार नजर नहीं आ रहा है। दैनिक करंट क्राइम की पड़ताल बताती है कि जमीनी स्तर पर किए जा रहे प्रयास शहर की बिगड़ती वायु गुणवत्ता को थामने में प्रभावी नहीं हो पा रहे हैं।

#### इंदिरापुरम, लोनी, वसुंधरा और सेक्टर-23 के प्रदूषण नियंत्रण कक्ष दे रहे चिंता के संकेत

**करंट क्राइम :** इन क्षेत्रों के प्रदूषण नियंत्रण मॉनिटर लगातार बेहद खराब और गंभीर श्रेणी के आंकड़े दर्ज कर रहे हैं। यह संकेत है कि आने वाले दिनों में भी गाजियाबाद को प्रदूषण से राहत मिलने की संभावना फिलहाल कम है। विशेषज्ञों के अनुसार मौसम में बदलाव न होने और स्थानीय कारणों के चलते हालात और बिगड़ सकते हैं।

दैनिक करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
03 ● नई दिल्ली। गुरुवार 20 नवम्बर -2025 दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित




# अभी नहीं कटेंगे गाजियाबाद में तेजी से ट्रैफिक चालान

## लेट हो रहा इंटीग्रेटेड ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम लॉन्च का प्रोग्राम

**- 41 प्रमुख चौराहों पर लग रहे अत्याधुनिक कैमरे, 250 कैमरे हो रहे हैं अपडेट**

**- नगर निगम का ड्रीम प्रोजेक्ट, क्राइम कंट्रोल और ट्रैफिक मैनेजमेंट को मिलेगी बड़ी राहत**





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद नगर निगम द्वारा करोड़ों रुपये की लागत से लागू किया जा रहा इंटीग्रेटेड ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम तेजी से आकार ले रहा है।

शहर के 41 प्रमुख चौराहों पर 250 से अधिक हाई-टेक कैमरे लगाए जा रहे हैं। इनमें आधुनिक कैमरे, रॉन्ग साइड डिटेक्शन, रेड लाइट वॉयलेशन, और स्मार्ट सर्विलांस सिस्टम जैसी तकनीकें शामिल हैं, जो आने वाले समय में शहर की कानून व्यवस्था और यातायात को नई दिशा देने वाली हैं। नगर निगम अधिकारियों के मुताबिक, लक्ष्य था कि यह सिस्टम नवंबर तक शुरू कर दिया जाए, मगर कुछ तकनीकी और सिविल कार्यों में देरी के चलते अब इसके दिसंबर मध्य तक शुरू होने की संभावना जताई जा रही है।

### नगर निगम का मेगा प्रोजेक्ट-विक्रमादित्य सिंह मलिक का विजन



करंट क्राइम : निगम से मिली जानकारी के अनुसार, यह पूरा प्रोजेक्ट नगर निगम के बड़ा विजन माना जा रहा है, जिसकी रूपरेखा विक्रमादित्य सिंह मलिक ने तैयार की थी। उन्होंने इस प्रोजेक्ट के मॉडल, बजट और भविष्य में इसके विस्तार की योजना पर विस्तृत कार्य किया था। सूत्रों के अनुसार प्रोजेक्ट पर करोड़ों रुपये खर्च किए जा चुके हैं। भविष्य में इसके विस्तार और आधुनिकरण के लिए अलग से बजट भी रिजर्व रखा गया है। इसका उद्देश्य गाजियाबाद को स्मार्ट और सुरक्षित शहर की दिशा में आगे ले जाना है। गाजियाबाद में प्रोजेक्ट न सिर्फ एक तकनीकी अपग्रेड है, बल्कि यह शहर के लिए बड़े बदलाव का सूत्रधार साबित होगा। 250+ हाई-टेक कैमरों और आधुनिक कंट्रोल सिस्टम से जहां अपराध नियंत्रण मजबूत होगा, वहीं यातायात व्यवस्था भी अधिक अनुशासित और सुरक्षित बनेगी। इस प्रोजेक्ट को दिसंबर मध्य तक शुरू करने की उम्मीद जताई जा रही है।

### क्राइम कंट्रोल से ट्रैफिक मैनेजमेंट तक में होगा बड़ा बदलाव

करंट क्राइम : नगर निगम और गाजियाबाद यातायात पुलिस के अधिकारियों ने बताया कि टेस्टिंग शुरू होने के बाद शहर में अपराध नियंत्रण की क्षमता बढ़ेगी। तो वहीं सड़क सुरक्षा और ट्रैफिक मैनेजमेंट और बेहतर होगा। इसके साथ ही नियम तोड़ने वालों पर ऑटोमैटिक चालान की कार्रवाई होगी। रॉन्ग साइड चलने वाले, रेड लाइट जंप और तेज रफ्तार वाहनों को कैमरे तुरंत पकड़ेंगे पुलिस को रियल-टाइम फीड और फुटेज उपलब्ध होंगे। अधिकारियों के मुताबिक, यह सिस्टम लागू होने के बाद शहर में ट्रैफिक अनुशासन में बड़ा सुधार देखने को मिलेगा।



### नगर निगम मुख्यालय में बन रहा मॉनिटरिंग सेंटर




करंट क्राइम : इस प्रोजेक्ट के लिए नगर निगम के बेसमेंट में एक अत्याधुनिक कंट्रोल रूम और मॉनिटरिंग सेंटर तैयार किया जा रहा है। यहां 24-7 निगरानी के लिए बड़ी वीडियो वॉल लगाई जा रही है। यातायात पुलिस और प्रोजेक्ट ऑपरेटिंग कंपनी के कर्मचारी संयुक्त रूप से सिस्टम ऑपरेट करेंगे।

---

## सांसद खेल महोत्सव का उद्घाटन करने आएंगे गृहमंत्री अमित शाह!

### मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आगमन की भी संभावनाएं प्रबल







**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** सांसद खेल महोत्सव चल रहा है और इसका समापन होगा। प्रतियोगिताएं चलरही हैं और खेल महोत्सव की फाईनल प्रतियोगिता होनी है।सांसद अतुल गर्ग की लोकसभा में खेल महोत्सव में उनका जलवा दिखाई देगा। सूत्र बताते हैं कि सांसद अतुल गर्ग की लोकसभा में चल रहे सांसद खेल महोत्सव में या तो देश के कैबिनेट होम मिनिस्टर अमित शाह आ सकते हैं और इस बात की भी प्रबल संभावना है कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी आ सकते हैं।

सांसद खेल महोत्सव के संयोजक भाजपा के महानगर महामंत्री पप्पू पहलवान हैं। सांसद खेल महोत्सव का उद्घाटन 23 तारीख को होना है और 25 दिसम्बर को इसका समापन होगा। उम्मीद ये जताई जा रही है कि उद्घाटन समारोह में देश के गृह मंत्री अमित शाह आ सकते हैं। यहां उम्मीद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आने की भी है।

सांसद खेल महोत्सव के संयोजक पप्पू पहलवान ने करंट क्राइम से बातचीत में कहा कि 25 दिसम्बर को होने वाले समापन समारोह में सांसद अतुल गर्ग मौजूद रहेंगे। वो खिलाड़ियों को पुरूस्कार वितरित करेंगे।

उन्होंने बताया कि इस दिन भारत रत्न स्वर्गीय अटल बिहारी की जन्म जयंती है और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सोशल मीडिया पर लाईव रहेंगे। इस दिन महामाया स्पोटर्स स्टेडियम में कार्यक्रम होगा।

उन्होंने बताया कि सभी खेल प्रतियोगिताएं अलग-अलग विधानसभाओं में हो रही हैं। 18 हजार से अधिक खिलाड़ियों का निशुल्क पंजीकरण किया गया है। 23 दिसम्बर से 25 दिसम्बर तक कार्यक्रम चलेगा। इस प्रतियोगिता में 8 खेलों को शामिल किया गया है जिनमें कबड्डी, कुश्ती, दौड़, वॉलीबाल, बैड मिंटन और खो-खो जैसे खेलों को शामिल किया गया है। उन्होंने बताया कि यहां खिलाड़ियों को तीन कैटेगरी में रखा गया है। सभी खिलाड़ियों को पुरूस्कार वितरित किये जायेंगे।

इन खिलाड़ियों में स्कूलों के खिलाड़ी भी शामिल हैं।

लोकसभा सांसद अतुल गर्ग की लोकसभा में ये खेल महोत्सव चल रहा है। स्वयं सांसद अतुल गर्ग भी खेलों में रूचि लेते हैं और उन्होंने युवाओं की अधिक से अधिक भागीदारी के लिए प्रयास किये हैं और इन प्रयासों का ही परिणाम है कि सांसद खेल महोत्सव में विभिन्न स्कूलों के खिलाड़ी खेल रहे हैं। 18 हजार से अधिक पंजीकरण हुए हैं। ये एक शानदार प्रतियोगिता चल रही है और इसका संदेश ऊपर तक है। प्रबल उम्मीद इस बात की है कि खिलाड़ियों का उत्साह वर्धन करने के लिए देश के गृहमंत्री अमित शाह या प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आ सकते हैं।

## अजीत पाल त्यागी और नन्द किशोर गुर्जर ने दिखाई है अपनी ताकत, आज संजीव शर्मा की बारी...







**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** राजनीति कार्यक्रमों के जरिए जहां जनसंदेश दिया जाता है वहीं इस तरीके के कार्यक्रमों से संगठन के पदाधिकारियों से लेकर जनप्रतिनिधियों की ताकत भी तोली जाती है। जिस भी जनप्रतिनिधि के क्षेत्र में कार्यक्रम होता है। उस कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि की टीआरपी का तराजू लग जाता है। भीड़ से पता चलता है कि विधानसभा में विधायक की पकड़ कितनी है और जब बड़े नेता आते हैं तो उनके बोल बताते हैं कि वो कार्यक्रम से कितना प्रसन्न हुए हैं। मुरादनगर विधायक अजीत पाल त्यागी ने रन फॉर यूनिटी में सिर्फ फोन के संदेश से ही अपना एक मजबूत बेस दिखाया।

रन फॉर यूनिटी में अजीत पाल त्यागी की विधानसभा में भीड़ का एक सैलाब नजर आया। यहां पर सबसे बड़ी बात ये थी कि इसके लिए विधायक अजीत पाल त्यागी ने ज्यादा प्रयास नहीं किये और एक बड़ा मैदान उन्होंने आसान तरीके से भर दिया। उन्होंने ये स्वीकार भी किया कि केवल अपनों ने अपनों को फोन किये और फिर ये कार्यक्रम आयोजित हो गया। इसके बाद लोनी विधानसभा में रन फॉर यूनिटी का कार्यक्रम हुआ। ये विधानसभा क्रान्तिकारी विधायक नन्द किशोर गुर्जर की विधानसभा है। इसमें राष्ट्रीय महामंत्री अरूण सिंह भी आये। यहां पर एक बड़ा कार्यक्रम व्यवस्थित तरीके से नन्द किशोर गुर्जर ने आयोजित कराया। नन्द किशोर गुर्जर लोकप्रिय हैं और इस बात को खुद राष्ट्रीय महामंत्री अरूण सिंह ने मंच से बताया। दो कार्यक्रम अलग अलग विधानसभाओं में आयोजित हुए और दोनों ही विधानसभाओं में दोनों विधायकों ने अपनी ताकत का जलवा दिखाया है। आज संजीव शर्मा की विधानसभा में उनके लिए ये मौका आया है। संजीव शर्मा शहर विधायक हैं और उन्हें टीआरपी का किंग कहा जाता है। वो सबसे लोकप्रिय अध्यक्ष माने जाते हैं और अब टीआरपी उनकी विधानसभा में जबरदस्त है। एक ऐसे विधायक के रूप में पहचान है जिनके यहां जनता पहुंचती है और अपने विधायक को समस्या बताती है। विधायक भी तत्काल प्रभाव से खुद अपने फोन से अधिकारियों को फोन कर देते हैं। जनता के लिए उपलब्ध रहते हैं। आज शहर विधायक संजीव शर्मा की विधानसभा में रन फॉर यूनिटी होनी है। इस रेस में प्रमुख फेस संजीव शर्मा का रहेगा और यहां रन फॉर यूनिटी वाली रेस का बेस कैसा रहेगा इस पर सभी की निगाहें हैं। संजीव शर्मा के साथ कार्यकर्ता कितने आते हैं, क्षेत्र की जनता कितनी आती है। इस पर सभी की निगाहें रहेंगी।

उम्मीद यही है कि कार्यक्रम सफल होगा क्योंकि संजीव शर्मा को पहले से ऐसे कार्यक्रम सफलतापूर्वक आयोजित कराने का अनुभव है। वो अध्यक्ष रहते हुए पीएम और सीएम के रोड शो करा चुके हैं। ऐसे में आज जब रन फॉर यूनिटी शहर विधानसभा में होगी तो ये विधायक संजीव शर्मा की भी परीक्षा होगी।

### सुबह 10 बजे नवयुग मार्किट से शुरू होगी रेस और सम्राट चौक पर होगी सम्पन्न

**करंट क्राइम।** शहर विधानसभा में आज रन फॉर यूनिटी का आयोजन होना है। शहर विधानसभा में होने वाली रन फॉर यूनिटी आज यानी गुरूवार को सुबह 10 बजे से शुरू होगी। रन फॉर यूनिटी की शुरूआत नवयुग मार्किट से होगी और यहां से ये रेस चौपला बाजार पहुंचेगी और वहां से डासना गेट की ओर मुडेगी। इसके बाद ये यात्रा रमते राम रोड पहुंचेगी। रमते राम रोड से होती हुई ये यात्रा चौधरी मोड के लिए मुड जायेगी और इसके बाद यह यात्रा धोबीघाट आरओबी की ओर आयेगी और आरओबी से होते हुए प्रताप विहार पहुंचेगी। यहां पर स्वदेशी चौक पर इस यात्रा का समापन होगा।

---

# डिप्टी मेयर पद समाप्ति से लोकतांत्रिक सत्ता-विकेंद्रीकरण प्रभावित हुआ : बालेश्वर त्यागी

## त्यागी ने कहा, कार्यकर्ताओं को राजनीतिक सम्मान की मांग करनी चाहिए



**बालेश्वर त्यागी ने कुरेदी इतिहास की परतें**

**बसपा सरकार ने राजनीतिक कारणों से डिप्टी मेयर पद समाप्त किया**

मायावती सरकार को लगता था कि नगर निगमों में भाजपा को बहुमत मिलता है, इसलिए उन्होंने भाजपा के दो नेताओं को मिलने वाले राजनीतिक सम्मान को रोकने के लिए एक्ट संशोधित कर दिया।

**भाजपा सरकार ने भी पद को बहाल नहीं किया**

सपा और भाजपा—दोनों सरकारों ने डिप्टी मेयर पद को वापस नहीं लाया, जबकि भाजपा पार्षद इस पद का सम्मान पाना चाहते हैं।

**सत्ता में साझेदारी लोकतंत्र की मजबूती का हिस्सा**

लेख में कहा गया है कि राजनीतिक सम्मान और सत्ता में भागीदारी लोकतांत्रिक ढांचे को मजबूत करते हैं; सत्ता का केंद्रीयकरण लोकतंत्र को कमजोर करता है।

**बसपा ने अपने कार्यकर्ताओं को निगम पद + राज्य मंत्री प्रोटोकॉल दिया था**

बहुत से अध्यक्षों और उपाध्यक्षों को मायावती शासन में सत्ता में भागीदारी और राज्य मंत्री प्रोटोकॉल दिया गया, जबकि भाजपा सरकारों ने इस पर ध्यान नहीं दिया।

**भाजपा कार्यकर्ताओं को अपना राजनीतिक सम्मान मांगना चाहिए**

लेख का निचोड़ यह है कि भाजपा कार्यकर्ताओं को अपने सम्मान और प्रोटोकॉल की मांग सरकार से करनी चाहिए और उसे।

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** नगर निगम अधिनियम में मेयर के साथ डिप्टी मेयर का पद भी था। जब प्रदेश में मायावती के नेतृत्व में बसपा की सरकार थी उन्होंने एक्ट में संशोधन करके डिप्टी मेयर का पद समाप्त कर दिया था।

उन्हें लगता था कि नगर निगमों में अधिकतर में भारतीय जनता पार्टी को बहुमत मिलता है । मेयर और डिप्टी मेयर पद पर भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता ही निर्वाचित होते हैं । एक योजना में प्रत्येक नगर निगम क्षेत्र में भाजपा के दो दो नेता सम्मानित होते हैं और उनका राजनैतिक नेतृत्व स्थापित होता है।

इस राजनैतिक सम्मान से भाजपा को वंचित करने के लिए बसपा सरकार ने डिप्टी मेयर का पद ही समाप्त कर दिया था। यही स्थिति सपा सरकार में भी थी लेकिन भाजपा सरकार ने भी डिप्टी मेयर का पद बहाल नहीं किया। भाजपा के पार्षद डिप्टी मेयर पद के सम्मान को लेना तो चाहते हैं लेकिन कभी इस पद को बहाल करने की मांग नहीं करते। लोकतंत्र में राजनैतिक कार्यकर्ता को सम्मान और सत्ता में भागीदारी एक बड़ा आकर्षण तो है ही लेकिन लोकतंत्र को बल प्रदान करने वाली व्यवस्था है। सत्ता का विकेंद्रीकरण लोकतंत्र का महत्वपूर्ण अवयव है। सत्ता के केंद्रीयकरण से लोकतंत्र कमजोर होता है।

ऐसे ही मायावती की सरकार में बहुत सारे कार्यकर्ताओं को विभिन्न निगमों में अध्यक्ष और उपाध्यक्ष के पद देकर उन्हें सत्ता में भागीदारी दी साथ ही उन्हें सम्मानित करने के लिए अधिकतर को राज्य मंत्री का प्रोटोकॉल भी दिया लेकिन भाजपा शासन ने किसी भी ऐसे नामित निगम के अध्यक्षों और उपाध्यक्षों को राज्य मंत्री का प्रोटोकॉल नहीं दिया।

भाजपा के ऐसे कार्यकर्ता उसके सम्मान को एंजॉय तो करना चाहते हैं लेकिन ऐसे प्रोटोकॉल की मांग नहीं करते। अच्छा हो भाजपा के ऐसे कार्यकर्ता माननीय मुख्यमंत्री और सरकार से अपने लिए प्रोटोकॉल की मांग करके उसे प्राप्त करें और उसे विधिवत एंजॉय करें ।

### क्या पूर्व मंत्री ने प्रवीण चौधरी का नाम लिए बगैर दिया है उनको कोई संकेत



करंट क्राइम। बालेश्वर त्यागी अपने लेख में यह संकेत दे रहे हैं कि पहले नगर निगमों में डिप्टी मेयर जैसे पदों के माध्यम से भाजपा कार्यकर्ताओं को सम्मान, प्रोटोकॉल और सत्ता में भागीदारी मिलती थी, लेकिन बसपा और सपा सरकारों ने इन पदों को समाप्त कर यह राजनीतिक सम्मान रोक दिया और बाद में भाजपा सरकार ने भी इसे बहाल नहीं किया। ऐसे में, जबकि प्रवीण चौधरी निर्विरोध उपाध्यक्ष चुने गए हैं, त्यागी का संदेश यही है कि सम्मान पाने की इच्छा रखने वाले भाजपा पार्षद—खासकर नवनिर्वाचित उपाध्यक्ष—को केवल पद स्वीकार करने तक सीमित नहीं रहना चाहिए बल्कि अपने राजनीतिक सम्मान, अधिकार और प्रोटोकॉल के लिए स्वयं आगे बढ़कर मांग करनी चाहिए, क्योंकि लोकतंत्र में सत्ता की साझेदारी और सम्मान तभी मिलता है जब प्रतिनिधि उसे पाने का प्रयास करें।

## संपादकीय

# "भारत अमेरिका व्यापार प्रगति"

भारत और अमेरिका के बीच व्यापार वार्ता के जल्दी ही किसी निष्कर्ष तक पहुंचने की उम्मीद की जा रही है, लेकिन इसके समांतर दोनों देशों में कई अन्य मुद्दों पर भी सहमति बनती देखी जा रही है। अगर कुछ अहम बिंदुओं पर बातचीत परस्पर हित पर आधारित समझौते तक पहुंचती है, तो इससे व्यापार वार्ता भी एक ठोस स्वरूप में सामने आएगी। इस क्रम में जहां अमेरिका के सख्त रुख में नरमी देखी जा रही है, वहीं भारत भी अपने व्यापक हित के मद्देनजर व्यावहारिक फैसले ले रहा है। गौरतलब है कि दोनों देशों के बीच रसोई गैस के मसले पर एक ऐतिहासिक समझौता हुआ है, जिसे आने वाले दिनों में अमेरिका की शुल्क नीति के प्रभाव से आगे बढ़ते हुए एक नए अध्याय की शुरूआत के तौर पर देखा जा रहा है। इस समझौते के तहत भारत अमेरिका से लगभग 2.2 मिलियन टन रसोई गैस खरीदेगा। हालांकि यह भारत की सालाना जरूरत का मात्र दस फीसद है और यह समझौता केवल एक वर्ष के लिए ही है, लेकिन इस सहमति को एक व्यापक समझौते की पृष्ठभूमि माना जा सकता है।

यह छिपा नहीं है कि तेल की कीमतों के मामले में अंतरराष्ट्रीय बाजार पर निर्भरता की वजह से रसोई गैस के दाम में कैसे उतार-चढ़ाव आते रहे हैं। अब इस समझौते के अमल में आने के बाद भारत के सामने नए विकल्प खुलेंगे और रसोई गैस की आपूर्ति का जोखिम कम होगा। यह समझौता भारत की तीन सरकारी तेल कंपनियों ने अमेरिकी उत्पादकों के साथ किया है। अब अगर किन्हीं हालात में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कीमत में कोई उतार-चढ़ाव आता है, तो वैसी स्थिति में भारत पर इसका असर सीमित होगा। इसके अलावा, अगर अगले वर्ष रसोई गैस और तेल के वैश्विक बाजार में किसी तरह की उथल-पुथल होती है, तो भारत के सामने इस मामले में स्थिति को संभालने के लिए एक वैकल्पिक इंतजाम होगा। कहा जा सकता है कि भारत अपनी ऊर्जा सुरक्षा और जरूरतों के मद्देनजर एक नई रणनीति के साथ अपने कदम आगे बढ़ा रहा है। इसका असर पिछले कुछ समय से टकराव की स्थिति तक पहुंच चुके भारत-अमेरिका संबंधों में फिर से गर्माहट के रूप में सामने आ सकता है। साथ ही भारतीय उपभोक्ताओं को कीमतों में स्थिरता के रूप में आर्थिक सुरक्षा मिलेगी और सार्वजनिक कंपनियों की स्थिति मजबूत होगी। भारत और अमेरिका के बीच इस समझौते की अवधि भले ही एक वर्ष है, लेकिन इससे दोनों देशों के बीच व्यापार वार्ता के एक बेहतर निष्कर्ष तक पहुंचने की उम्मीद बंधी है। इसके संकेत इस रूप में भी सामने आए हैं कि अमेरिका ने भारत के काफी, चाय, मसाले, फल आदि कुछ उत्पादों पर लगे शुल्क को वापस लेने की घोषणा की है। इससे भारत के कृषि निर्यात को बड़ी राहत मिलेगी। मगर इसका दूसरा पहलू यह भी है कि खुद अमेरिका में कई वस्तुओं की मांग में गिरावट दर्ज की जा रही थी और शुल्क के मसले पर सख्त रवैया खुद उसके आर्थिक हितों के अनुकूल नहीं था। इस लिहाज से देखें तो अमेरिका के रवैये में आए बदलाव में वहां बन रही परिस्थितियों की भी भूमिका है। अब भारत के साथ रसोई गैस पर बनी ताजा सहमति को दोनों देशों के बीच नई संभावनाओं के तौर पर देखा जा रहा है।

## पीयूष गोयल का इस्राइल दौरा

# व्यापार, रणनीतिक साझेदारी और उभरती तकनीकों को नई रफ्तार देने की तैयारी



**नई दिल्ली।** केंद्रीय वाणिज्य व उद्योग मंत्री पीयूष गोयल 20 से 22 नवंबर 2025 तक तीन दिवसीय आधिकारिक इस्राइल दौरे पर जाएंगे। वाणिज्य मंत्रालय के अनुसार, यह यात्रा इस्राइल के अर्थव्यवस्था और उद्योग मंत्री निर बरकात के निमंत्रण पर हो रही है। दौरे का उद्देश्य दोनों देशों के बीच बढ़ती रणनीतिक और आर्थिक साझेदारी को और मजबूत करना है। गोयल के साथ सीआईआई, फिक्की, एसोचैम और स्टार्ट-अप इंडिया से जुड़े 60 सदस्यीय व्यवसायिक प्रतिनिधिमंडल भी जाएगा, जो भारत-इस्राइल उद्योग सहयोग को नए स्तर पर ले जाने का संकेत है।

### इन क्षेत्रों पर मुख्य रूप से की जाएंगी चर्चाएं

गोयल बरकत और अन्य प्रमुख मंत्रियों सहित वरिष्ठ इस्राइली नेतृत्व के साथ उच्च-स्तरीय द्विपक्षीय बैठकें करेंगे। चर्चाएं व्यापार और निवेश संबंधों को बढ़ावा देने और कृषि, जल, रक्षा, उभरती प्रौद्योगिकियों, जीवन विज्ञान, उन्नत विनिर्माण और बुनियादी ढांचे जैसे क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर केंद्रित होंगी। दोनों पक्षों द्वारा प्रस्तावित भारत-इस्राइल मुक्त व्यापार समझौते की प्रगति की समीक्षा करने की भी उम्मीद है।

### दौरे का उद्देश्य

इस यात्रा के दौरान, गोयल भारत-



इस्राइल व्यापार मंच को संबोधित करेंगे, जिसमें दोनों देशों के प्रमुख व्यापारिक संगठन और उद्योग प्रतिनिधि एक साथ आएंगे। इस कार्यक्रम में पूर्ण सत्र, तकनीकी चर्चाएं और बी2बी बैठकें शामिल होंगी। इनका उद्देश्य निवेश को बढ़ावा देना, वाणिज्यिक संबंधों का विस्तार करना और संयुक्त उद्यम के अवसरों की खोज करना है। सीईओ फोरम का चौथा संस्करण भी आयोजित किया जाएगा। इसके अलावा, मंत्री प्रमुख इस्राइली निवेशकों से मिलने के अलावा कृषि, विलवणीकरण, अपशिष्ट जल उपचार, साइबर सुरक्षा, स्मार्ट मोबिलिटी और बुनियादी ढांचे जैसे क्षेत्रों में काम करने वाली प्रमुख इस्राइली कंपनियों के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बातचीत करेंगे। गोयल के कार्यक्रम में तेल अवीव के प्रमुख नवाचार केंद्रों और संस्थानों का दौरा भी शामिल है, जहां वे इस्राइल के तकनीकी पारिस्थितिकी तंत्र की जानकारी प्राप्त करेंगे। भारतीय प्रवासियों और भारतीय मूल के व्यापारिक नेताओं के साथ बातचीत सहित सांस्कृतिक और सामुदायिक कार्यक्रमों की भी योजना है।

# ईडी ने कारोबारी अमित कत्याल को किया गिरफ्तार, छह दिन की हिरासत में भेजा



**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय ने रीयल एस्टेट कारोबारी अमित कटियाल को मनी लॉन्ड्रिंग केस में गिरफ्तार कर लिया है। यह जांच गुरुग्राम के सेक्टर 70 में 14 एकड़ में बने क्रिश फ्लोरेंस एस्टेट में फ्लैटों की डिलीवरी न देने के आरोपों से संबंधित है। ईडी ने रीयल एस्टेट कारोबारी अमित कटियाल को मनी लॉन्ड्रिंग केस में गिरफ्तार कर लिया है। उन्हें राजद प्रमुख लालू प्रसाद के परिवार का करीबी माना जाता है। अधिकारियों के मुताबिक, कत्याल को एजेंसी के गुरुग्राम क्षेत्रीय कार्यालय ने सोमवार को धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत हिरासत में लिया। गुरुग्राम की एक विशेष अदालत ने उन्हें छह दिन के लिए ईडी की हिरासत में भेज दिया है।

### फ्लैटों की डिलीवरी न देने के आरोपों से संबंधित है जांच

यह जांच गुरुग्राम के सेक्टर 70 में 14 एकड़ में बने क्रिश फ्लोरेंस एस्टेट में फ्लैटों की डिलीवरी न देने के आरोपों से संबंधित है। इस परियोजना का विकास कत्याल की कंपनी एंगल इंफ्रास्ट्रक्चर प्राइवेट लिमिटेड कर रही थी।

### 2023 में दूसरे मामले कत्याल को किया गया था गिरफ्तार

कत्याल को ईडी ने 2023 में रेलवे के कथित भूमि-के-लिए-नौकरी घोटाले से संबंधित एक अलग मनी लॉन्ड्रिंग मामले में भी गिरफ्तार किया था। इसमें लालू प्रसाद, उनकी पत्नी राबड़ी देवी और परिवार के अन्य सदस्य शामिल थे।

व्यवसायी को अगस्त में संघीय एजेंसी द्वारा क्रिश रियलटेक के माध्यम से घर खरीदारों से 500 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी करने के तीसरे मामले में आरोप पत्र दाखिल किया गया था, जिसके वे प्रमोटर हैं।

# रेलवे ने सीमेंट ढुलाई की दर 90 पैसे प्रति जीटीकेएम तय की, मध्यमवर्गीय घर बनाने वालों को बड़ी राहत



**नई दिल्ली।** रेलवे ने बल्क सीमेंट परिवहन के लिए 90 पैसे प्रति जीटीकेएम की एकसमान दर लागू की है। इस कदम से घर बना रहे मध्यमवर्गीय परिवारों को सीधी राहत पहुंचेगी। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने देशभर में सीमेंट परिवहन लागत कम करने के उद्देश्य से एक बड़े सुधार की घोषणा की।

सरकार का मानना है कि इस कदम से घर बना रहे मध्यमवर्गीय परिवारों को सीधी राहत पहुंचेगी। मंत्री ने बल्क सीमेंट टर्मिनल पॉलिसी और कंटेनर रेट रेशनलाइजेशन कार्यक्रम के बाद बताया कि रेलवे ने बल्क सीमेंट परिवहन के लिए 90 पैसे प्रति जीटीकेएम की एकसमान दर लागू की है। जीटीकेएम के आप क्या समझते हैं जीटीकेएम का अर्थ है सकल टन-किलोमीटर।

### भारी मात्रा में सीमेंट ढुलाई के लिए डिजाइन किया गया विशेष टैंकर

इस समस्या के समाधान के लिए रेलवे ने विशेष रूप से भारी मात्रा में सीमेंट की ढुलाई के लिए डिजाइन किया गया एक विशेष टैंक कंटेनर विकसित किया है। वैष्णव ने कहा कि इस टैंक कंटेनर को सीमेंट फैक्ट्री में भरा जा सकता है। भरने के बाद, इसे देश भर में जहां भी खपत की आवश्यकता हो, वहां ले जाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि इस प्रणाली से सीमेंट आपूर्ति शृंखला में शामिल लॉजिस्टिक्स लागत में काफी कमी आएगी।

### सीमेंट उद्योग और उपभोक्ताओं दोनों को मिलेगा लाभ

वैष्णव ने बताया कि एक समान दर से सीमेंट निमार्ताओं को सीमेंट संयंत्रों के स्थान, परिवहन मार्गों और अनलोडिंग टर्मिनलों के बारे में अधिक स्पष्टता मिलेगी। इससे बेहतर योजना बनाने, सीमेंट की बेहतर आवाजाही और उपभोक्ताओं के लिए कम लागत की उम्मीद है। मंत्री ने कहा कि नई टैंक कंटेनर प्रणाली और एक समान दर संरचना भारत भर में सीमेंट परिवहन को युक्तिसंगत बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जो उद्योग और उपभोक्ताओं दोनों को समर्थन प्रदान करेगी।

# सेंसेक्स 513 अंक और निफ्टी 142 अंक चढ़े, आईटी शेयरों में उछाल और भारत-अमेरिका व्यापार समझौते की उम्मीदों से बाजार में तेजी



**नई दिल्ली।** भारतीय शेयर बाजार बुधवार को बढ़त के साथ बंद हुआ। 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 513.45 अंक उछलकर 85,186.47 अंक पर बंद हुआ। वहीं, 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 142.60 अंक की बढ़त के साथ 26,052.65 पर बंद हुआ।

भारत-अमेरिका व्यापार समझौते की बढ़ती उम्मीदों के बीच आईटी शेयरों में तेजी और घरेलू संस्थागत निवेशकों की सतत लिवाली से बुधवार को इक्विटी बेंचमार्क सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी में तेजी से वापसी हुई। 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 513.45 अंक या 0.61 प्रतिशत चढ़कर 85,186.47 पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 563.75 अंक या 0.66 प्रतिशत बढ़कर 85,236.77 अंक पर पहुंच गया। वहीं 50 शेयरों वाला निफ्टी 142.60 अंक या 0.55 प्रतिशत बढ़कर 26,052.65 पर बंद हुआ। घरेलू शेयर बाजारों में खरीदारी के जोर और विदेशों में कच्चे तेल की कम कीमतों के कारण बुधवार को रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 2 पैसे बढ़कर 88.58 (अनंतिम) पर बंद हुआ।

सेंसेक्स में शामिल शेयरों में एचसीएल टेक, इंफोसिस, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, हिंदुस्तान यूनिलीवर, सन फार्मा और टाइटन सबसे अधिक लाभ में रहे।

### भारत-अमेरिका व्यापार समझौता जल्द पूरा होने की उम्मीद

इस बीच, वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने मंगलवार को कहा कि भारत और अमेरिका के बीच प्रस्तावित व्यापार समझौते पर आप अच्छी खबर सुनेंगे जब यह समझौता निष्पक्ष, न्यायसंगत और संतुलित होगा।

### यूरोपीय बाजारों में दिखी गिरावट

एशियाई बाजारों में, दक्षिण कोरिया का कोस्पी, जापान का निक्केई 225 सूचकांक और हांगकांग का हैंग सेंग सूचकांक गिरावट के साथ बंद हुए। इसके विपरीत, शंघाई का एसएसई कंपोजिट सूचकांक हरे निशान में बंद हुआ। यूरोप के बाजार मध्य सत्र के सौदों में अधिकतर गिरावट के साथ कारोबार कर रहे थे। मंगलवार को अमेरिकी बाजार नकारात्मक दायरे में बंद हुए।

# महंगाई में कमी के संकेत: आरबीआई दिसंबर में 25 बेसिस पॉइंट की दर कटौती कर सकता है, रिपोर्ट में दावा



**नई दिल्ली।** मॉर्गन स्टेनली की रिपोर्ट के अनुसार महंगाई में लगातार गिरावट के देखते हुए आरबीआई दिसंबर की नीति बैठक में ब्याज दरों में 25 आधार अंकों की कटौती कर सकता है। इससे रेपो दर घटकर 5.25 प्रतिशत हो जाएगी। भारतीय रिजर्व बैंक दिसंबर की नीति बैठक में ब्याज दरों में 25 आधार अंकों की कटौती कर सकता है। मॉर्गन स्टेनली की रिपोर्ट में यह दावा किया गया है। रिपोर्ट के अनुसार यह अनुमान महंगाई में लगातार गिरावट के देखते हुए लगाया जा रहा है।

अगले साल सीपीआई में हल्की बढ़ोतरी की संभावना मॉर्गन स्टेनली ने मुद्रास्फीति परिदृश्य भी पेश किया है। अनुमान के अनुसार, 2025 में निचले स्तर पर रहने के बाद 2026-27 में मुख्य उपभोक्ता सूचकांक (सीपीआई) में हल्की बढ़ोतरी हो सकती है।

### 25 आधार अंकों की कटौती से रेपो दर घटकर 5.25% पर आ जाएगी

इसमें कहा गया है कि अगर आरबीआई 25 दिसंबर की नीतिगत बैठक में ब्याज दरों में 25 आधार अंकों की कटौती करेगा, तो रेपो दर घटकर 5.25 प्रतिशत हो जाएगी। रिपोर्ट के अनुसार नीतिगत प्रतिक्रिया विवेकपूर्ण रहने की संभावना है। इस कदम के बाद, केंद्रीय बैंक की ओर से आंकड़ों पर निर्भर रहने और प्रतीक्षा करो व देखो की नीति अपनाने की उम्मीद है।

### आरबीआई की घरेलू वृद्धि और महंगाई पर है कड़ी नजर

इसमें कहा गया है कि केंद्रीय बैंक दरों, तरलता और नियामकीय ढील इन तीनों मोर्चों पर किए गए उपायों के संयुक्त प्रभाव का आकलन करने के बाद ही आगे के फैसले लेगा। आरबीआई घरेलू वृद्धि और मुद्रास्फीति के रुझानों पर कड़ी नजर रखेगा।

## रोचक तथ्यों का करंट



- गंभीर अवसाद कोशिकाओं में बुढ़ापे की प्रक्रिया को बढ़ाकर हमें जैविक रूप से अधिक उम्र का बना सकता है।
- अवसाद के लगभग 80% पीड़ित उपचार प्राप्त नहीं कर रहे हैं।
- हास्य कलाकारों और हास्यास्पद लोगों पर किए गए शोध से पता चला है कि वे आमतौर पर औसत से अधिक उदास हैं।
- एक बार जब लोग मध्य जीवन को प्रभावित करते हैं, तो टेस्टोस्टेरोन की कमी के कारण उन्हें अवसाद का खतरा बढ़ सकता है।
- दुनियाभर में सभी उम्र के 350 मिलियन लोग अवसाद से ग्रस्त हैं।
- मादक द्रव्यों के सेवन संबंधी समस्याओं के लगभग 30% लोग भी अवसाद से पीड़ित हैं।
- पुरुषों की तुलना में महिलाओं में लगभग दो गुणा अधिक होने की वजह से प्रमुख अवसाद से पीड़ित हैं।
- जिन लोगों में से 15% अवसाद से ग्रस्त होते हैं, वे हर साल अपनी जान लेते हैं।

## राशिफल

**मेष:** शारीरिक लाभ के लिए, खासकर मानसिक मजबूती के लिए ध्यान और योग का आश्रय लें। घर के वातावरण के कारण आप उदास हो सकते हैं।

**वृष:** आज का दिन आपके लिए बहुत ही शानदार रहेगा। लोगों का विश्वास आप पर बना रहेगा। इस राशि के स्टूडेंट्स के लिए आज का दिन अनुकूल है।

**मिथुन:** आज भाग्य खुल सकता है और सूर्यदेव की कृपा से झोली खुशियों से भरी हो सकती है। सामाजिक और धार्मिक कार्यों के लिए यह एक उत्कृष्ट दिन है।

**कर्क:** सेहत से जुड़ी परेशानी परेशानी का सबब बन सकती है। जो निवेश योजनाएं आकर्षित कर रही हैं, उनके बारे में गहराई से जानने की कोशिश करें।

**सिंह:** आज का दिन आपके लिए अनुकूल रहेगा। इस राशि के लवमेट्स के लिए आज का दिन बेहतर रहेगा। आप जरूरतमंद मित्रों की ओर मदद का हाथ बढ़ाएंगे।

**कन्या:** आप संतान और परिवार को पूरा समय देंगे। प्रतियोगी परीक्षा में सफलता मिलेगी। आर्थिक पक्ष मजबूत रहेगा। अपनों की उम्मीदों पर खरा उतरेंगे।

**तुला:** जो आर्थिक लाभ आज मिलने वाले थे टल सकते हैं। तनाव की अवधि बरकरार रहेगी, परिवार का सहयोग मिलेगा। वातावरण में प्रेम मिला हुआ है।

**वृश्चिक:** कम मेहनत में अधिक लाभ होगा। समाज में मान बढ़ेगा। रुका हुआ महत्वपूर्ण कार्य पूरा हो सकता है। जीवनसाथी के साथ रोमांटिक प्रोग्राम बन सकता है।

**धनु:** आज नए क्षेत्रों में अपनी किस्मत आजमाने का अवसर मिलेगा। नया कारोबार शुरू करने में आ रही दिक्कतें आज खत्म होंगी।

**मकर:** निवेश सोच-समझकर करें बेवजह के नुकसान से बचने के लिए सलाह लेने में न हिचकिचाएं। पारिवारिक कार्यों और महत्वपूर्ण अवसरों के लिए अच्छा दिन है।

**कुंभ:** आज आप ऊर्जा से भरपूर महसूस करेंगे। आप जो भी काम करेंगे वह समय से पहले पूरा हो जाएगा। आज आप अपने अनुभव का इस्तेमाल सही दिशा में करेंगे।

**मीन:** आज कार्यक्षेत्र में आपको उतार-चढ़ाव का सामना करना पड़ सकता है। नौकरीपेशा जातकों के लिए पदोन्नति की संभावना है।

## चुटकुले

2 बच्चों की मां तीसरी शादी कर रही थी,
फेरों के टाइम एक बच्चा रोने लगा
मां का जवाब सुनकर दूल्हा बेहोश हो गया
मां बोली चुप हो जा नहीं तो अगली बार नहीं लाऊंगी...

पिंटू- पता है, पत्नी पेपरवेट की तरह होती है...
चिंटू- वो कैसे?
पिंटू- पति को फड़फड़ाने तो देती है
लेकिन उड़ने नहीं देती!

टीचर: पप्पू, इतनी देर से क्यों आए?
पप्पू: मैडम, घर में लड़ाई हो गई थी!
टीचर: किससे?
पप्पू: अलार्म से वो बजा ही नहीं!

पत्नी: सुनो जी, मुझे रोज-रोज झगड़ा क्यों दिखता है?
पति: क्योंकि तुम्हारी नजर तेज है!
पत्नी: तो प्यार क्यों नहीं दिखता?
पति: वो इक्छर में होता है, रोज अपडेट नहीं होता




प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

**करंट क्राइम**
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, Mob 09899655497
Email: currentcrimenews@gmail.com
Website: www.currentcrime.com

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए.जी.एस. पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी
संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

दैनिक करंट क्राइम
समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।
संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)



# सुंदर के रोल को लेकर तकरार तेज

## क्या गलत फैसले की कीमत चुका रही टीम इंडिया?

**नई दिल्ली।** भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच कोलकाता में खेले गए पहले टेस्ट की हार ने न सिर्फ टीम की बल्लेबाजी पर सवाल उठाए, बल्कि मुख्य कोच गौतम गंभीर के फैसलों को भी कटघरे में खड़ा कर दिया है। सबसे बड़ी बहस वॉशिंगटन सुंदर को नंबर तीन पर भेजने को लेकर छिड़ गई है। एक ऐसा फैसला जिसने पूर्व कप्तान सौरव गांगुली और पूर्व विकेटकीपर दिनेश कार्तिक दोनों को हैरान कर दिया।

दिनेश कार्तिक ने वॉशिंगटन सुंदर को नंबर-तीन भेजने को लेकर पर सीधा सवाल दागा कि इससे उनके गेंदबाजी कौशल को नुकसान होगा। कार्तिक ने क्रिकबज से कहा, 'अगर आप उन्हें नंबर तीन भेज रहे हैं, तो आप उनसे कह रहे हैं कि अब बल्लेबाजी पर ज्यादा फोकस करो। लंबे समय तक बैटिंग प्रैक्टिस करेगा तो गेंदबाजी की तैयारी कम हो जाएगी। दोनों में एक साथ बेस्ट बने रहना लगभग नामुमकिन है।'

सुंदर ने 29 और 31 रन बनाकर टीम में महत्वपूर्ण योगदान जरूर दिया था, लेकिन कार्तिक के मुताबिक यह प्रमोशन सिर्फ एक अस्थायी समाधान जैसा दिखता है। कार्तिक ने साफ कहा, 'यह बहुत ट्रिकी स्थिति है। नंबर-तीन उसकी लंबे समय की भूमिका नहीं लगती। इससे उसकी गेंदबाजी भविष्य में प्रभावित हो सकती है।'

**गांगुली भी सहमत: 'सुंदर नंबर-तीन के लिए नहीं बने'**

सौरव गांगुली ने भी इस बात को दृढ़ता से उठाया कि वॉशिंगटन सुंदर टेस्ट क्रिकेट में नंबर-तीन की भूमिका के लिए तैयार नहीं हैं, खासकर विदेशी परिस्थितियों में। गांगुली ने इंडिया टुडे से कहा, 'वह अच्छे क्रिकेटर हैं, गेंदबाजी भी करते हैं, बैटिंग भी करते हैं, लेकिन मैं नहीं मानता कि नंबर-तीन टेस्ट क्रिकेट में उनके लिए लंबे समय का विकल्प है।'

उन्होंने स्पष्ट किया कि शीर्ष क्रम में सिर्फ स्पेशलिस्ट बल्लेबाज होने चाहिए। गांगुली ने कहा, 'आपके पहले पांच बल्लेबाज, ओपनर्स से लेकर नंबर-पांच तक, हर हालात में परफॉर्म करने वाले स्पेशलिस्ट होने चाहिए। मैं आश्वस्त नहीं कि वॉशिंगटन इंग्लैंड, ऑस्ट्रेलिया, दक्षिण अफ्रीका या न्यूजीलैंड में भारत के नंबर-तीन हो सकते हैं।'





**दिनेश कार्तिक और सौरव गांगुली ने वॉशिंगटन सुंदर को नंबर-तीन भेजने को लेकर पर सीधा सवाल दागा कि इससे उनके गेंदबाजी कौशल को नुकसान होगा। यह बयान टीम मैनेजमेंट की सोच की ओर सीधा इशारा करता है कि सुंदर को नंबर-तीन पर भेजना शायद बैटिंग मजबूती के लिए किया गया, लेकिन इसके बदले गेंदबाजी विभाग कमजोर हो गया।**

**गांगुली-कार्तिक ने उठाए गंभीर सवाल**

**गांगुली ने गंभीर की रणनीति पर सवाल खड़े किए**

कोलकाता टेस्ट में गौतम गंभीर की रणनीति पर गांगुली ने और भी बड़े सवाल उठाए। भारत ने चार स्पिनरों के साथ मैच खेला, लेकिन वॉशिंगटन सुंदर ने सिर्फ एक ओवर फेंका। गांगुली ने कहा, 'भारत में चार स्पिनरों की जरूरत नहीं होती, खासकर तब जब वॉशिंगटन ने पूरे टेस्ट में सिर्फ एक ओवर डाला। जब विकेट स्पिन कर रहा है और मुख्य स्पिनर 20-30 ओवर डाल सकते हैं, तो चार स्पिनरों की जरूरत नहीं।'

**गंभीर का सुंदर प्रेम, नया रोल या बड़ा रिस्क?**

गौतम गंभीर वॉशिंगटन सुंदर की प्रतिभा के बड़े प्रशंसक माने जाते हैं, लेकिन उन्हें नंबर-तीन भेजना एक बड़े प्रयोग जैसा लग रहा है, जो फिलहाल टीम के लिए लाभ से ज्यादा जोखिम जैसा दिख रहा है।

अभी तक सुंदर की मौजूदा भूमिका स्पष्ट नहीं है। क्या वह मुख्य रूप से बल्लेबाज हैं या क्या वह गेंदबाजी ऑलराउंडर हैं या क्या उन्हें गंभीर एक भविष्य के स्पेशलिस्ट बैटर की तरह तैयार कर रहे हैं? कार्तिक का डर भी यही है। उन्होंने कहा, 'जिस रोल के लिए सुंदर को बनाया गया है, वह उस दिशा से हट सकते हैं।'

**पिच विवाद ने बढ़ाया दबाव, गांगुली ने गंभीर को बचाया**

पहले टेस्ट की हार के बाद गंभीर की रणनीति पर जब सवाल बढ़े, तो पिच विवाद ने आग में और घी डाल दिया। लेकिन सौरव गांगुली ने साफ कहा कि अभी गंभीर पर कार्रवाई का कोई सवाल नहीं उठता। गांगुली ने कहा, 'गौतम गंभीर को हटाने का सवाल ही नहीं है। इंग्लैंड में कोच और कप्तान दोनों ने शानदार प्रदर्शन किया है।' उन्होंने पिच को भी कठघरे में रखा और कहा, 'यह पिच अच्छी नहीं थी। भारतीय टॉप और मिडिल ऑर्डर को इससे बेहतर विकेट मिलना चाहिए था।'

**सुंदर का नंबर-तीन प्रयोग, बड़ा दांव या गलत दिशा?**

पहले टेस्ट की हार के बाद स्पष्ट है कि भारतीय टीम को अपनी बल्लेबाजी संरचना पर गंभीरता से पुनर्विचार करना होगा। सुंदर की प्रतिभा में संदेह नहीं, लेकिन नंबर-तीन एक ऐसा स्थान है जहां टीम को वर्षों तक भरोसेमंद, स्पेशलिस्ट बल्लेबाज चाहिए। गांगुली और कार्तिक दोनों की राय एक जगह मिलती है कि सुंदर शानदार खिलाड़ी हैं, लेकिन नंबर-तीन शायद उनके लिए नहीं बना। अब देखना होगा कि दूसरे टेस्ट में गंभीर क्या फैसला करते हैं। क्या सुंदर फिर नंबर-तीन उतरेंगे? या टीम पुराने संतुलन पर वापस लौटेगी?

# गुवाहाटी टेस्ट से पहले बड़ा सवाल कप्तान शुभमन गिल खेलेंगे या नहीं

## बीसीसीआई ने दिया अपडेट, सुनाई राहत की खबर

**मुंबई।** शुभमन गिल के खेलने की संभावना बेहद कम दिख रही है, इसलिए सेलेक्टर्स ने एक और महत्वपूर्ण कदम उठाया है। आंध्र प्रदेश के युवा ऑलराउंडर नीतीश रेड्डी को दक्षिण अफ्रीका ए के खिलाफ भारत ए की चल रही सीरीज से तुरंत हटा दिया गया है और वह कोलकाता पहुंच चुके हैं।



भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच दूसरे टेस्ट से पहले टीम इंडिया को एक बड़ी राहत और उतनी ही बड़ी चिंता दोनों एक साथ मिली हैं। कप्तान शुभमन गिल अपनी गर्दन की चोट के बावजूद गुवाहाटी के लिए टीम के साथ रवाना होंगे, लेकिन यह अभी भी साफ नहीं है कि वह मैदान पर उतर पाएंगे या नहीं। बीसीसीआई ने बुधवार को इस बात की आधिकारिक पुष्टि की।

**चोट के बाद भी टीम के साथ यात्रा करेंगे गिल**

कोलकाता टेस्ट के दूसरे दिन शुभमन गिल गंभीर गर्दन दर्द के चलते रिटायर्ड हर्ट हो गए थे और बाद में उन्हें अस्पताल भी ले जाना पड़ा था। भारत वह मुकाबला 30 रन से हार गया और गिल की चोट ने टीम मैनेजमेंट की चिंता और बढ़ा दी।

बीसीसीआई सचिव देवजीत सैकिया ने बयान जारी करते हुए कहा, 'शुभमन को उपचार से काफी राहत मिल रही है और वह 19 नवंबर को टीम के साथ गुवाहाटी रवाना होंगे। उनकी स्थिति पर बीसीसीआई की मेडिकल टीम नजर रखेगी और दूसरे टेस्ट में खेलने को लेकर फैसला बाद में लिया जाएगा।' गुवाहाटी में 22 नवंबर से सीरीज का दूसरा टेस्ट शुरू होना है और टीम इंडिया 0-1 से पीछे है। ऐसे में कप्तान गिल का खेलना बेहद अहम होगा, लेकिन मौजूदा परिस्थितियों में उनकी उपलब्धता बेहद संदिग्ध मानी जा रही है।

**रेड्डी को बुलाया गया, गिल के बैकअप**

शुभमन गिल के खेलने की संभावना बेहद कम दिख रही है, इसलिए सेलेक्टर्स ने एक और महत्वपूर्ण कदम उठाया है। आंध्र प्रदेश के युवा ऑलराउंडर नीतीश रेड्डी को दक्षिण अफ्रीका ए के खिलाफ भारत ए की चल रही सीरीज से तुरंत हटा दिया गया है और वह कोलकाता पहुंच चुके हैं। बताया जा रहा है कि रेड्डी मंगलवार के नेट सत्र में शामिल नहीं हुए, लेकिन वह टीम के साथ जुड़े रहेंगे ताकि गिल के अंतिम निर्णय के बाद उन्हें प्लेइंग इलेवन में शामिल किया जा सके।

रेड्डी न सिर्फ दाएं हाथ के बल्लेबाज हैं, बल्कि हाल ही में घरेलू क्रिकेट में लगातार अच्छे प्रदर्शन के कारण चयनकताओं की नजर में आए हैं। उनका टेस्ट करियर भले अभी शुरूआत के दौर में है, लेकिन यदि गिल बाहर होते हैं तो वह गुवाहाटी में खेलते दिख सकते हैं।

**भारत की बल्लेबाजी पर बढ़ा दबाव**

गिल की फिटनेस को लेकर सस्पेंस ने टीम इंडिया के बैटिंग कॉम्बिनेशन में बड़ी अनिश्चितता पैदा कर दी है। पहले टेस्ट में शीर्ष क्रम के संघर्ष को देखते हुए गुवाहाटी में गिल की जगह भरना आसान नहीं होगा। ऐसे में देश की निगाहें मेडिकल रिपोर्ट और टीम मैनेजमेंट के अगले फैसले पर टिकी रहेंगी।

# ग्रुप बी से भारत-पाकिस्तान अंतिम-4 में पहुंचे

## सेमीफाइनल के अन्य दो दावेदारों का आज होगा फैसला

**दोहा।** भारत ए ने ओमान ए को छह विकेट से हराकर एशिया कप राइजिंग स्टार्स 2025 के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। ग्रुप बी से अंतिम-चार के लिए क्वालिफाई करने वाली भारत ए टीम दूसरी टीम बन गई। इससे पहले पाकिस्तान शाहीन्स ने सेमीफाइनल में जगह बनाई थी। मंगलवार को दोहा में खेले गए मुकाबले में टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी ओमान ने 20 ओवर में सात विकेट पर 135 रन बनाए। जवाब में भारत ए ने 17.5 ओवर में ही 138 रन बनाए और मुकाबला अपने नाम कर लिया। भारत के लिए हर्ष दुबे ने नाबाद अर्धशतक जड़ा।



**भारत ए ने ओमान ए को छह विकेट से हराकर एशिया कप राइजिंग स्टार्स 2025 के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। ग्रुप बी से अंतिम-चार के लिए क्वालिफाई करने वाली भारत ए टीम दूसरी टीम बन गई**

**सेमीफाइनल का गणित**

जितेश शर्मा की अगुआई में भारत ए ने ग्रुप चरण में खेले तीन में दो मुकाबले जीते और चार अंक तथा 1.979 के नेट रन रेट के साथ दूसरे स्थान पर रही। वहीं, पाकिस्तान अपने तीनों मुकाबले जीतकर शीर्ष पर रही। उसके खाते में छह अंक हैं और नेट रन रेट 4.560 का है। सेमीफाइनल में भारत का सामना ग्रुप ए में शीर्ष पर रहने वाली टीम से होगा, जबकि पाकिस्तान का दूसरे सेमीफाइनल में ग्रुप ए में दूसरे स्थान पर रहने वाली टीम से होगा। दोनों सेमीफाइनल के मुकाबले 21 नवंबर को इसी मैदान पर खेले जाएंगे। पहला मैच दोपहर तीन बजे से खेला जाएगा जबकि दूसरा मुकाबला शाम आठ बजे से खेला जाएगा।

**हर्ष का नाबाद पचासा जीत का सूत्रधार**

137 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारत की शुरूआत अच्छी नहीं हुई। पहला झटका 17 के स्कोर पर लगा। शाफिक जान ने प्रियांश आर्या को अपना शिकार बनाया। वह सिर्फ 10 रन बना पाए। इसके बाद वैभव सूर्यवंशी भी जय ओडेड्रा का शिकार बन गए। वह 12 रन बनाकर लौटे। भारत की इस जीत में चौथे नंबर पर बल्लेबाजी के लिए आए हर्ष दुबे ने अहम भूमिका निभाई।

उन्होंने महज 41 गेंदों में अपना अर्धशतक पूरा किया। इसके बाद 44 गेंदों में 53 रनों की धमाकेदार नाबाद पारी खेलकर टीम को जीत दिलाई। इसमें उनका साथ नमन धीर (30) और नेहल वढेरा (23) ने दिया। ओमान के लिए ओडेड्रा, शाफिक, समय और आर्यन ने एक-एक विकेट लिए।

# निगार सुल्ताना ने जहानारा के आरोप पर सफाई देते हुए भारतीय कप्तान को घसीटा

**नई दिल्ली।** बांग्लादेश की महिला टीम की कप्तान निगार सुल्ताना ने तेज गेंदबाज जहानारा आलम द्वारा उन पर लगाए जूनियर खिलाड़ियों के साथ मारपीट के आरोपों को खारिज कर दिया, लेकिन उन्होंने भारतीय महिला टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर को अपने विवाद में घसीट लिया है।



बांग्लादेश की महिला टीम की कप्तान निगार सुल्ताना ने तेज गेंदबाज जहानारा आलम द्वारा उन पर लगाए जूनियर खिलाड़ियों के साथ मारपीट के आरोपों को खारिज कर दिया है। उन्होंने भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर का जिक्र करते हुए कहा कि 'मैं क्यों किसी को मारूंगी?' दरअसल, जहानारा ने हाल ही में सुल्ताना पर जूनियर खिलाड़ियों के साथ बदसलूकी और मारपीट का आरोप लगाया था। हालांकि, बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) ने इन आरोपों को पूरी तरह से बेबुनियाद और दुर्भावनापूर्ण बताते हुए खारिज कर दिया था।

**'मैं किसी को क्यों मारूंगी?'**

सुल्ताना ने खुद पर लगे आरोपों पर सफाई देते हुए भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर को घसीटा। उन्होंने कहा, 'डेली क्रिकेट को दिए इंटरव्यू में कहा, मैं किसी को क्यों मारूंगी? मेरा मतलब है, मैं अपने बल्ले से स्टंप्स पर क्यों मारूंगी? क्या मैं हरमनप्रीत हूं, जो मैं इस तरह स्टंप्स पर मारूंगी? अपने निजी जीवन में, अगर मैं खाना बना रही हूं या कुछ और कर रही हूं, तो मैं अपना बल्ला इधर-उधर पटक सकती हूं, मैं अपने हेलमेट पर भी मार सकती हूं। यह मेरा अपना मामला है।' उन्होंने आगे कहा, 'लेकिन मैं किसी और के साथ ऐसा क्यों करूंगी? मैं शारीरिक रूप से क्यों उलझूंगी? आप अन्य खिलाड़ियों या किसी और से पूछ सकते हैं कि क्या मैंने कभी ऐसा कुछ किया है।'

**किस घटना का जिक्र कर रही हैं सुल्ताना?**

बांग्लादेश की कप्तान सुल्ताना ने जिस घटना का जिक्र करते हुए हरमनप्रीत कौर पर तंज कसा है, वह भारतीय महिला टीम के बांग्लादेश दौरे की है।

## बधिर ओलंपिक में भारतीय निशानेबाजों का शानदार प्रदर्शन जारी, अभिनव-प्रांजलि ने जीता स्वर्ण पदक

**टोक्यो।** भारतीय निशानेबाजों का बधिर ओलंपिक में शानदार प्रदर्शन जारी है। अभिनव देशवाल और प्रांजलि प्रशांत धूमल ने बुधवार को 10 मीटर एयर पिस्टर मिश्रित टीम स्पर्धा में स्वर्ण पदक अपने नाम कर लिया है। इसके अलावा कुशाग्र सिंह राजावत ने 50 मीटर राइफल प्रोन स्पर्धा में कांस्य पदक अपने नाम किया। भारतीय निशानेबाज अब तक इस प्रतियोगिता में कुल 11 पदक जीत चुके हैं।

चीनी ताइपे की जोड़ी को पीछे छोड़ा अभिनव और प्रांजलि ने चीनी ताइपे के या-जू काओ और मिंग-जुई ह्सू पर 16-6 से शानदार जीत दर्ज कर शीर्ष स्थान हासिल किया। दिन की दूसरी स्पर्धा में कुशाग्र ने 224.3 के स्कोर के साथ कांस्य पदक जीता। यूक्रेन के दिमित्रो पेट्रेंको ने 251.0 अंक बनाकर बधिर विश्व और ओलंपिक रिकॉर्ड तोड़ते हुए स्वर्ण पदक जीता। जर्मनी के कोलिन म्यूएलर ने 245.4 अंक के साथ रजत पदक हासिल किया।

## बेटे क्रूज के साथ जोड़ी बनाकर टेनिस में वापसी करेंगे लेटिन हेविट

**सिडनी।** जिजोउ बर्ग्स ने आर्थर रिंडरक्नेच को 6-3, 7-6 (4) से पराजित किया जिससे बेल्जियम ने 10 बार के चैंपियन फ्रांस पर 2-0 की जीत के साथ डेविस कप टेनिस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जगह पक्की की।

दो बार के ग्रैंड स्लैम एकल चैंपियन लेटिन हेविट न्यू साउथ वेल्स ओपन एटीपी चैलेंजर प्रतियोगिता में अपने 16 वर्षीय बेटे क्रूज के साथ जोड़ी बनाकर प्रतिस्पर्धी टेनिस में वापसी करेंगे। विश्व के पूर्व नंबर एक खिलाड़ी 44 वर्षीय हेविट ने 2001 में अमेरिकी ओपन और 2002 में विंबलडन जीता था। उन्होंने 2016 में आधिकारिक तौर पर संन्यास ले लिया था, लेकिन ऑस्ट्रेलिया में चुनिंदा टूर्नामेंटों में युगल मुकाबलों में खेलना जारी रखा था। वह वर्तमान में ऑस्ट्रेलिया की डेविस कप टीम के कप्तान भी हैं। पिता पुत्र की यह जोड़ी पहले दौर में आस्ट्रेलिया के ही हेडन जोन्स और पावेल मारिनकोव का सामना करेंगे।



बेल्जियम सेमीफाइनल में

जिजोउ बर्ग्स ने आर्थर रिंडरक्नेच को 6-3, 7-6 (4) से पराजित किया जिससे बेल्जियम ने 10 बार के चैंपियन फ्रांस पर 2-0 की जीत के साथ डेविस कप टेनिस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जगह पक्की की।

बेल्जियम को फ्रांस के साथ अपने पिछले चार मुकाबलों में हार का सामना करना पड़ा था जिसमें 2017 का फाइनल भी शामिल है। सेमीफाइनल में शुक्रवार को उसका सामना इटली या ऑस्ट्रिया से होगा। अंतिम दो क्वार्टर फाइनल गुरुवार को होंगे जिसमें जर्मनी का सामना अर्जेंटीना से और स्पेन का सामना चेक गणराज्य से होगा।

बर्ग्स ने फ्रांस के शीर्ष खिलाड़ी के खिलाफ शुरू से ही दबदबा बनाए रखा और एक शानदार फोरहैंड विनर के साथ मैच को अपने नाम कर लिया। इससे पहले राफेल कॉलिग्नन ने कोरेंटिन मौटेट को 2-6, 7-5, 7-5 से हराकर बेल्जियम को 1-0 की बढ़त दिलाई थी।

# 'कोच थोड़ी जाकर खेल रहा है': पिच विवाद के बीच गंभीर को मिला समर्थन

## पूर्व क्रिकेटर ने आलोचकों को दिया जवाब



**नई दिल्ली।** उथप्पा ने आलोचकों पर तंज कसते हुए कहा कि जब राहुल द्रविड़ जैसे महान खिलाड़ी को सवालों के घेरे में लाया जा सकता है, तो किसी भी कोच को ट्रोल करना अब आम बात हो गई है।

भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच कोलकाता के ईडन गार्डन्स में खेले गए पहले टेस्ट मैच ने क्रिकेट जगत में बड़ी बहस छेड़ दी है। 124 रनों के छोटे से लक्ष्य का पीछा करते हुए भारतीय बल्लेबाजों का अचानक ढह जाना और तीन दिन में मैच का खत्म हो जाना कई सवाल छोड़ गया। इसी बीच पिच को लेकर विवाद गहराया, जहां कई विशेषज्ञों ने टीम मैनेजमेंट पर उंगली उठाई। भारत के कोच गौतम गंभीर ने बयान दिया कि टीम को वही विकेट मिला जिसकी उन्होंने मांग की थी और पिच में ऐसा कुछ नहीं था जो ह्यअनप्लेएबलह्ण कहा जाए।

**हरभजन ने सवाल उठाए, पर उथप्पा ने किया गंभीर का समर्थन**

जहां पूर्व स्पिनर हरभजन सिंह ने पिच चयन को लेकर टीम मैनेजमेंट पर सवाल उठाए, वहीं पूर्व क्रिकेटर रॉबिन उथप्पा ने गंभीर का मजबूती से पक्ष लिया। उथप्पा ने साफ कहा कि हार के लिए कोच को जिम्मेदार ठहराना सरासर गलत है। उन्होंने एक लाइव सेशन में कहा, 'कोच थोड़ी जा कर खेल रहा है अंदर।' उथप्पा ने यह भी कहा कि नतीजों से सीधे कोच को दोष देना उचित नहीं है।

**'द्रविड़ को ट्रोल कर सकते हो, फिर किसी को भी कर सकते हो**

उथप्पा ने आलोचकों पर तंज कसते हुए कहा कि जब राहुल द्रविड़ जैसे महान खिलाड़ी को सवालों के घेरे में लाया जा सकता है, तो किसी भी कोच को ट्रोल करना अब आम बात हो गई है। उन्होंने कहा कि इतने हजार अंतरराष्ट्रीय रन बनाना आसान नहीं होता, लेकिन लोग फिर भी द्रविड़ जैसे दिग्गजों पर अंगुलियां उठाते हैं।



उथप्पा ने कहा, 'हम नतीजों को देख रहे हैं और कोच को दोष दे रहे हैं, लेकिन आपको समग्र परिदृश्य को देखना होगा। जब उन्होंने राहुल द्रविड़ की आलोचना की, तो मुझे यह बात समझ नहीं आई। 20-30 हजार अंतरराष्ट्रीय रन बनाना आसान नहीं है। इसलिए, अगर उन्हें ट्रोल किया जा सकता है, तो किसी को भी ट्रोल किया जा सकता है।'

**घरेलू क्रिकेट में पिचों को लेकर अलग नियम क्यों?**

उथप्पा ने एक और अहम मुद्दा उठाया। उन्होंने घरेलू और अंतरराष्ट्रीय पिचों के बीच दोहरे मानदंड को लेकर सवाल किए। उन्होंने कहा, 'हमने घरेलू टूर्नामेंट्स में तटस्थ क्यूरेटर बुलाए और नियंत्रित किया कि हम किस तरह के विकेट तैयार करने वाले हैं। क्योंकि अगर कोई मैच दो दिन में खत्म हो जाता था, तो ग्राउंड्समैन और एसोसिएशन को फटकार लगाई जाती थी। लेकिन यहां तो मैच ढाई दिन में खत्म हो रहे हैं। हालांकि, रणजी ट्रॉफी में आप इस तरह के विकेटों को मना कर देते हैं।'

**'घरेलू स्तर पर स्पिन खेलना होगा'**

उथप्पा ने कहा, 'रणजी में टर्निंग ट्रैक्स बनाने को हतोत्साहित किया जाता है। अगर आप लगातार टर्निंग पिच तैयार भी कर रहे हैं, जहां तीसरे और चौथे दिन काफी टर्न होगा, तो भी आप ऐसे बल्लेबाज तैयार कर सकते हैं जो स्पिन के खिलाफ अच्छा खेल सकें।

पिछले 10 वर्षों में हमें ऐसा करने से रोका गया है और आप खिलाड़ियों को स्पिन को अच्छी तरह से न खेलने के लिए फटकार लगा रहे हैं। अगर खिलाड़ी घरेलू स्तर पर स्पिन नहीं खेलेंगे, तो अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कैसे टिक पाएंगे?'

# लक्ष्य और प्रणय सहित 5 भारतीय खिलाड़ी ऑस्ट्रेलियाई ओपन के दूसरे दौर में

**सिडनी।** लक्ष्य सेन और एचएस प्रणय सहित पांच भारतीय खिलाड़ियों ने शानदार शुरूआत करते हुए बुधवार को यहां 475,000 डॉलर इनामी आस्ट्रेलियाई ओपन सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट के पुरुष एकल के दूसरे दौर में प्रवेश किया।

विश्व चैंपियनशिप 2021 के कांस्य पदक विजेता लक्ष्य ने चीनी ताइपे के सु ली यांग को 21-17, 21-13 से हराया, जबकि इस प्रतियोगिता में 2023 के उपविजेता प्रणय ने खराब शुरूआत से उबरते हुए पहले दौर के मैच में दुनिया के 85वें नंबर के खिलाड़ी योहानेस सौत मार्सेलिनो को 57 मिनट में 6-21, 21-12, 21-17 से हराया। लक्ष्य का अगला मुकाबला ची यू जेन या वांग त्जु वेई से होगा जबकि प्रणय इंडोनेशिया के आठवें वरीय अल्वी फरहान से भिड़ेंगे।




विश्व के 32वें नंबर के खिलाड़ी और इस वर्ष की शुरूआत में अमेरिकी ओपन में अपना पहला सुपर 300 खिताब जीतने वाले आयुष शेट्टी ने कनाडा के सैम युआन को 33 मिनट में 21-11, 21-15 से पराजित किया। कर्नाटक के इस 20 वर्षीय खिलाड़ी का सामना दूसरे दौर में जापान के चौथे वरीय कोडाई नाराओका से होगा।

मकाऊ ओपन के सेमीफाइनलिस्ट थारुण मन्नेपल्ली ने डेनमार्क के मैग्नस योहानसन को 66 मिनट तक चले मुकाबले में 21-13, 17-21, 21-19 से हराया। राष्ट्रीय खेल 2023 के स्वर्ण पदक विजेता मन्नेपल्ली का अगला मुकाबला चीनी ताइपे के पांचवें वरीय लिन चुन-यी से होगा।

विश्व चैंपियनशिप 2021 के रजत पदक विजेता अनुभवी किदांबी श्रीकांत भी 64 मिनट तक चले मुकाबले में चीनी ताइपे के ली चिया हाओ को 21-19, 19-21, 21-15 से हराकर अगले दौर में पहुंच गए। इस वर्ष के शुरू में मलयेशिया मास्टर्स में उपविजेता रहे श्रीकांत का अगला मुकाबला जापान के शोगो ओगावा या एडवर्ड लाउ से होगा।

इस बीच किरण जॉर्ज को कड़ी चुनौती पेश करने के बावजूद जापान के छठी वरीयता प्राप्त केंटा निशिमोतो से 21-11, 22-24, 17-21 से हार का सामना करना पड़ा। निशिमोतो ने पिछले सप्ताह जापान मास्टर्स के सेमीफाइनल में लक्ष्य सेन को हराया था। मोहित जगलान और लक्षिता जगलान की भारतीय मिश्रित युगल जोड़ी को एक अन्य मैच में कनाडा के नाइल याकुरा और क्रिस्टल लाई ने 12-21, 16-21 से हराकर बाहर कर दिया।




# पूर्व विधायक अमरपाल शर्मा की पुत्री रशिता का शुभ विवाह विशाल के साथ धूमधाम से सम्पन्न



गाजियाबाद (करंट क्राइम)। पूर्व विधायक अमरपाल शर्मा तथा खोड़ा नगर पालिका परिषद की चेयरपर्सन मोहिनी शर्मा की पुत्री रशिता का शुभ विवाह श्रीमती रचना तथा श्री पुष्पपति नाथ वशिष्ठ के सुपुत्र विशाल के साथ धूम धाम से सम्पन्न हुआ। नई दिल्ली में आयोजित भव्य समारोह में हुए इस विवाह उत्सव में वर-वधु को आशीर्वाद देने के लिए राजनीतिक और सामाजिक वर्ग के गणमान्य, प्रतिष्ठित लोग पहुंचे। पुत्री के विवाह अवसर पर सभी ने पूर्व विधायक अमरपाल शर्मा और उनकी पत्नी खोड़ानगर पालिका चेयरपर्सन मोहिनी शर्मा को भी बधाई और शुभकामनाएं दी।

# 476 ड्रोन और 48 मिसाइल... रूस ने यूक्रेन में रातो-रात मचाई तबाही, 19 की मौत और कई घायल

**कीव।** यूक्रेन के पश्चिमी शहर टर्नोपिल में रूस के बड़े ड्रोन और मिसाइल हमले ने भारी तबाही मचा दी। रात में हुए इस हमले में 19 लोगों की मौत हो गई जबकि कई आवासीय इमारतें मलबे में बदल गईं। यह हमला ऐसे समय हुआ जब यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की रूस के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय दबाव बढ़ाने के लिए तुर्की पहुंचे हैं।

यूक्रेन के गृह मंत्री इहोर क्लाइमेंको के अनुसार, हमला दो नौ मंजिला इमारतों पर हुआ, जिनमें कई परिवार सो रहे थे। 66 से ज्यादा लोग घायल हुए, जिनमें 16 बच्चे शामिल हैं। यूक्रेनी वायुसेना ने बताया कि रूस ने रातभर में 476 ड्रोन और डिकॉय ड्रोन के साथ 48 मिसाइलें दागीं। इसमें 47 क्रूज मिसाइलें थीं, जिनमें से 6 को छोड़कर बाकी को इंटरसेप्ट कर लिया गया।



**रूस के बड़े ड्रोन और मिसाइल हमले ने यूक्रेन के टर्नोपिल शहर में तबाही मचाई, जिसमें 19 लोगों की मौत और 66 से ज्यादा लोग घायल हुए।**

**जेलेंस्की की कूटनीतिक तैयारी**

रूसी हमलों के बीच जेलेंस्की तुर्की पहुंचे, जहां वे राष्ट्रपति रेचेप तैयप एर्दोआन से मुलाकात कर रहे हैं। उनका कहना है कि बातचीत का मुख्य उद्देश्य यूक्रेन के लिए ह्लन्यायपूर्ण शांतिह्व की दिशा में अधिकतम समर्थन जुटाना है। जेलेंस्की ने कहा कि रूस पर वैश्विक दबाव अभी भी पर्याप्त नहीं है और हर नया हमला यह साबित करता है कि दबाव बढ़ाना जरूरी है।

**अमेरिका की नई सख्ती और तुर्किये की भूमिका**

जेलेंस्की ने कहा कि अमेरिका की ओर से कुछ नए संकेत मिले हैं, हालांकि उन्होंने विस्तार नहीं बताया। शुक्रवार से रूस की तेल इंडस्ट्री पर कठोर अमेरिकी प्रतिबंध लागू होने वाले हैं, जिनका उद्देश्य व्लादिमीर पुतिन को बातचीत की मेज पर लाना है। पहले कहा गया था कि अमेरिकी दूत स्टीव विटकॉफ भी तुर्की आएंगे, लेकिन बाद में यह स्पष्ट किया गया कि वे नहीं आएंगे।

**रोमानिया और पोलैंड की एयरफोर्स अलर्ट पर**

रूसी हमलों के दौरान एक ड्रोन रोमानिया के हवाई क्षेत्र में घुसा, जिसके बाद वहां के वायुसेना बेस से दो यूरोफाइटर टाइफून और दो ऋ16 विमान उड़ान पर भेजे गए। पोलैंड में भी रातभर अलर्ट रहा और कई सैन्य विमान उतारे गए। पोलैंड के रिजेशो और ल्यूबलीन एयरपोर्ट को कुछ समय के लिए बंद करना पड़ा।

**अन्य क्षेत्र भी निशाने पर, रूस का दावा**

यूक्रेन के दूसरे शहरों पर भी हमले हुए। खार्किव में 46 लोग घायल हुए, जिनमें दो लड़कियां भी शामिल हैं। यहां 16 आवासीय इमारतें, एक एम्बुलेंस स्टेशन, एक स्कूल और अन्य ढांचे परेशान हुए।

इस बीच, रूस ने दावा किया कि वोरॉनिश शहर पर दागे गए अमेरिकी अळअउटर मिसाइलों को उसने मार गिराया। मलबे से कुछ इमारतों को नुकसान पहुंचा लेकिन कोई जनहानि नहीं हुई।




## 36 टू-स्टार में किसे मिलेगा मौका

पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में बाहर से आए 73 टू-स्टारों को अलग-अलग जोन में भेजा गया है। तो वहीं सिटी जोन के लिए चर्चा हो रही है कि इन 36 टू-स्टारों को अब कहां भेजा जाएगा। इनमें किसको चौकी वाला चार्ज मिलेगा और कौन थाने से अटैच किया जाएगा। इसके साथ ही चर्चा इस बात की भी चल रही है कि अलग-अलग जिलों और कमिश्नरेट से आए थ्री-स्टार के चुनाव का क्या तरीका रहेगा, इसपर भी कईयों की नजरें हैं। उधर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम के सूत्र बता रहे हैं कि जिस तरीके से बड़ी संख्या में लाइन से बाहर टू-स्टार भेजे गए हैं, ऐसे में जल्द ही तीनों प्रमुख जोन की लिस्ट आ सकती है। इस लिस्ट में सबसे बड़ी वाली संख्या तो सिटी वाले जोन में है। तो दूसरे नंबर पर नदिया पार और तीसरे पर ग्रामीण वाले जोन का स्थान नजर आया है। अब देखना होगा कि जो 36 टू-स्टार सिटी जोन में आए हैं, उन्हें किस थाने में और किस जिम्मेदारी पर भेजा जाता है। वैसे सुनने में आया है कि इसमें कई मजबूत सिफारिश लेकर आए हैं। तो कई अपने काम से पहचान बना सकते हैं। सुनने में आ रहा है कि कुछ टू-स्टार तो इधर-उधर चक्कर लगा रहे हैं, पर कुछ अभी लाइन में शांति से ही बैठे हैं। पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सूत्र बता रहे हैं कि इसी हफ्ते चौकी प्रभारी और टू-स्टार के बदलाव वाली लिस्ट सिटी जोन में आ सकती है। इसमें कई शिकायती टू-स्टार हटाए जाएंगे। तो इन स्थानों पर बाहर से आए टू-स्टार ही रिजर्व किए जा सकते हैं। कुल मिलाकर अब मौसम बदल चुका है। तो वहीं रात के समय ठंडक होने लगी और सुबह और शाम को कोहरा भी नजर आने लगा है। ऐसे में वारदात बढ़ेगी, तो वहीं चोरी और अन्य आपराधिक ग्राफ भी बढ़ सकता है। इसके साथ ही सड़क सुरक्षा को लेकर भी पुलिस कमिश्नर के जोनवार और थानावार निर्देश हैं कि किसी भी सड़क दुर्घटना के बाद तत्काल घायलों और पीड़ितों को उपचार के लिए अस्पताल भेजा जाए और पुलिस भी मदद करें ताकि सड़क हादसों में नुकसान होने की संख्या में कमी लाई जा सके। कुल मिलाकर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में जल्द ही तीनों जोन में लाइन से बाहर किए गए, टू- वाले स्टार अपनी सेट जगह पहुंच सकते हैं। अब देखना यह होगा किसको मौका मिलेगा और किसको इस बार रोका जाएगा।




# 'लाल किले से कश्मीर तक हमने कराए हमले...और कराते रहेंगे'

## पाक नेता का आतंकी हमलों पर बड़ा कबूलनामा

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर के राष्ट्रपति और वरिष्ठ नेता चौधरी अनवरुल हक ने भारत के भीतर आतंकी हमलों में पाक-समर्थित संगठनों की भूमिका का खुलकर इकबाल कर बड़ा राजनीतिक भूचाल खड़ा कर दिया है। उन्होंने कहा कि दिल्ली के लाल किले के पास हुए धमाके से लेकर जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए हमले तक, भारत को निशाना बनाना पाकिस्तान की ओर से बदले की कार्रवाई थी।

एक वायरल वीडियो में हक ने दावा किया कि पाकिस्तान समर्थित आतंकी मॉड्यूल ने 10 नवंबर को लाल किले के पास हुए कार धमाके को अंजाम दिया, जिसमें 14 लोगों की मौत हुई। इस हमले का मास्टरमाइंड उमर उन नबी जैश-ए-मोहम्मद से जुड़े व्हाइट कॉलर नेटवर्क का हिस्सा बताया गया, जिसे फरीदाबाद में गिरफ्तार किया गया था।



**पाकिस्तान के बड़े नेता चौधरी अनवरुल हक ने कबूल किया है कि पाकिस्तान-समर्थित आतंकी समूह भारत में लाल किले से कश्मीर तक हमले कर रहे हैं। दिल्ली धमाके और पहलगाम हमले को उन्होंने जवाबी कार्रवाई बताया।**

**इसलिए हो रहा भारत पर हमला**

हक ने पहलगाम के बैसारन वैली में अप्रैल में हुए हमले का भी जिक्र किया, जिसमें 26 लोगों को गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। **दिल्ली ब्लास्ट का जैश-ए-मोहम्मद कनेक्शन**

लाल किले के पास ब्लास्ट को जैश-ए-मोहम्मद से जुड़े मॉड्यूल से जोड़ा गया है, जिसे फरीदाबाद में ऑपरेट किया जा रहा था। जांच में सामने आया कि उमर उन नबी कई डॉक्टरों के नेटवर्क का हिस्सा था। ये अपने मेडिकल क्रेडेंशियल्स का इस्तेमाल रसायन और विस्फोटक सामग्री जुटाने में कर रहे थे। हक ने अपने बयान में इस हमले पर तंज कसते हुए कहा कि भारत शायद अभी तक सभी शवों की गिनती भी नहीं कर पाया होगा, जो पाकिस्तान की ओर से हमलों को लेकर खुले तौर पर स्वीकार किया गया सबसे गंभीर बयान माना जा रहा है।

**पाक नेता का बेशर्मी भरा बयान**

अप्रैल में जम्मू-कश्मीर के पहलगाम के बैसरन घाटी में आतंकियों ने पर्यटकों पर अंधाधुंध गोलियां चलाई थीं, जिसमें 26 लोगों की मौत हो गई थी। उन्होंने कहा कि अगर बलूचिस्तान को खून बहाओगे, तो हम भारत को लाल किले से लेकर कश्मीर के जंगलों तक चोट पहुंचाएंगे यह बयान पाकिस्तान के राजनीतिक नेतृत्व की ओर से आतंकी ढांचे को खुले समर्थन और बढ़ावा देने का एक और बड़ा प्रमाण माना जा रहा है।

# सड़क हादसे में भारतीय महिला की मौत, आठ माह की थी गर्भवती

**सिडनी।** ऑस्ट्रेलिया के सिडनी में एक 33 वर्षीय भारतीय महिला की सड़क हादसे में मौत हो गई है। जानकारी के मुताबिक, महिला आठ माह की गर्भवती थी। पुलिस के अनुसार, समनविता धरेश्वर अपने पति और तीन साल के बेटे के साथ सैर पर निकली थीं, जब यह हादसा हुआ। पुलिस के मुताबिक, शुक्रवार (14 नवंबर) रात करीब 8 बजे एक किआ कार्निवल कार धरेश्वर और उनके परिवार को हॉर्न्सबी में जॉर्ज स्ट्रीट के किनारे फुटपाथ पार करने के लिए धीमी हुई थी, तभी एक तेज रफ्तार बीएमडब्ल्यू ने उसे पीछे से टक्कर मार दी। इस टक्कर के कारण किआ कार आगे की ओर बढ़ गई और धरेश्वर इसकी चपेट में आ गई।

**गंभीर चोट के कारण महिला और बच्चे की मौत**

पुलिस ने बताया कि इस हादसे में समनविता धरेश्वर को गंभीर चोटें आईं



और उन्हें तुरंत वेस्टमीड अस्पताल ले जाया गया, लेकिन दुर्भाग्य से न तो उन्हें और न ही उनके बच्चे को बचाया जा सका। कथित तौर पर, लग्जरी बीएमडब्ल्यू को 19 वर्षीय पी-प्लेटर (अस्थायी या परिवीक्षाधीन लाइसेंस वाला ड्राइवर) आरोन पपाजोग्लू चला रहा था। पुलिस ने कहा, 'हालांकि, बीएमडब्ल्यू और किआ कार के दोनों ड्राइवरों को कोई चोट नहीं लगी है।'

**आईटी सिस्टम विश्लेषक थीं धरेश्वर**

हालांकि अभी तक ये नहीं पता चल सका है कि इस हादसे में धरेश्वर के पति और उनके तीन साल के बच्चे को कोई चोट आई है या नहीं।

## यूक्रेन युद्ध खत्म करने के लिए 28-बिंदुओं की योजना बना रहा ट्रंप प्रशासन, रूस के साथ गोपनीय चर्चा जारी

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और उनका प्रशासन यूक्रेन युद्ध को समाप्त करने के लिए रूस के साथ गोपनीय तरीके से 28-बिंदुओं वाली योजना तैयार कर रही है। एक्सिओस ने यह रिपोर्ट रूसी अधिकारियों के हवाले से दी है। रिपोर्ट के मुताबिक, डोनाल्ड ट्रंप की यह नई योजना 20-बिंदुओं वाली गाजा शांति योजना से प्रेरित है। एक वरिष्ठ रूसी अधिकारी के अनुसार, ट्रंप इस योजना को लेकर आशावादी हैं। योजना में चार मुख्य बिंदु शामिल होंगे- यूक्रेन में शांति, सुरक्षा गारंटी, यूरोप में सुरक्षा और अमेरिका के रूस और यूक्रेन के साथ भविष्य के संबंध।

# CPN-UML की सभा के विरोध में जेन-जी प्रदर्शनकारियों ने किया बवाल

**काठमांडू.।** नेपाल के बारा जिले में बुधवार को पूरे इलाके में तनाव फैल गया। दरअसल जेन जी युवाओं और कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ नेपाल (यूनिफाइड मार्क्सिस्ट-लेनिनिस्ट) CPN-UML के कार्यकताओं के बीच हिंसक झड़प हो गई। स्थिति बिगड़ने के बाद प्रशासन ने भारत सीमा से सटे इस क्षेत्र में कर्फ्यू लगाने का फैसला लिया। ये पूरा मामला एक सभा से जुड़ा था। आज सीपीएन-यूएमएल के शीर्ष नेताओं की एक सभा थी। जेन जी प्रदर्शनकारी इसका विरोध कर रहे थे।

रैली के पक्ष में यूएमएल के कार्यकर्ता भी वहां मौजूद थे। ऐसे में दोनों धड़ों में नारे लगने लगे। धीरे-धीरे हालात बिगड़ना शुरू हुए और फिर नारेबाजी हिंसक झड़प में बदल गई। इसके बाद प्रशासन तुरंत हरकत में आया। पुलिस ने तनाव बढ़ने को देखते हुए तत्काल कर्फ्यू का आदेश जारी किया, ताकि स्थिति पर नियंत्रण रखा जा सके। सिमरा एयरपोर्ट के 500 मीटर दायरे में दोपहर 12:30 बजे से रात आठ बजे तक कर्फ्यू लागू किया गया।

## कार्यकर्ताओं में झड़प, लगा कर्फ्यू



**नेपाल के बारा जिले में जेन जी युवाओं और सीपीएन यूएमएल कार्यकर्ताओं के बीच टकराव के बाद प्रशासन ने सिमरा एयरपोर्ट के आसपास कर्फ्यू लगा दिया**

उड़ानें रद्द, विरोध में बढ़ा तनाव

घटना उस समय भड़की जब बुद्ध एयर का एक विमान सीपीएन-यूएमएल के महासचिव शंकर पोखरेल और युवा नेता महेश बस्नेत को लेकर काठमांडू से सिमरा के लिए उड़ान भरने वाला था। दोनों नेताओं को यहां एक बड़े विरोध-सभागत कार्यक्रम को संबोधित करना था। उड़ान की जानकारी मिलते ही जेन जी कार्यकर्ता एयरपोर्ट पहुंच गए और नेताओं के आगमन का विरोध किया। बढ़ते तनाव और सुरक्षा जोखिम को देखते हुए बुद्ध एयर ने दिनभर की सभी काठमांडू-सिमरा उड़ानें रद्द कर दीं।

**सीमा क्षेत्र में बढ़ी निगरानी**

कर्फ्यू लगने के बाद प्रशासन ने एयरपोर्ट और आसपास के संवेदनशील इलाकों में सुरक्षा बढ़ा दी है। पुलिस और सशस्त्र बलों को तैनात किया गया है ताकि हिंसा न फैले और विरोध शांतिपूर्वक नियंत्रित रहे। भारत सीमा के नजदीक स्थित बारा जिले में तनाव बढ़ने के बाद सीमा निगरानी भी बढ़ाई गई है। प्रशासन ने सभी प्रदर्शनकारियों से शांति बनाए रखने की अपील की है। इससे पहले भी जेन जी आंदोलन के चलते कई बार तनावपूर्ण घटनाएं सामने आ चुकी हैं।

# अमेरिकी संसद ने एपस्टीन से संबंधित फाइल जारी करने के लिए विधेयक पारित किया

**वॉशिंगटन।** एपस्टीन फाइल्स मामला अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की पीछा नहीं छोड रहा है। अमेरिकी संसद के दोनों सदनों- प्रतिनिधि सभा और सीनेट ने मंगलवार को निर्णायक रूप से एक विधेयक पारित कर न्याय विभाग पर दोषी यौन अपराधी जेफरी एपस्टीन से संबंधित उसकी फाइलें सार्वजनिक करने के लिए दबाव बनाया है। कांग्रेस से विधेयक पारित किए जाने के बाद इसे ट्रंप को भेज दिया गया है।

यह उस प्रयास को मंजूरी देने के समान था, जिसके लिए राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और रिपब्लिकन नेतृत्व के विरोध से पार पाने के लिए कई महीने तक संघर्ष करना पड़ा था। संसद के एक छोटे, द्विदलीय समूह को जुलाई में प्रतिनिधि सभा में विधेयक को लाने के लिए मशक्कत करनी पड़ी। तब ट्रंप



ने धोखा बताकर अपने समर्थकों से इसे खारिज करने को कहा था।

लेकिन ट्रंप और प्रतिनिधि सभा के अध्यक्ष माइक जॉनसन दोनों ही मत विभाजन रोकने के अपने प्रयासों में विफल रहे। अब राष्ट्रपति ने विधेयक को लेकर बढ़ती लामबंदी के बीच इस पर अपना रुख नरम कर लिया है और यहां तक कहा है कि वह इस पर हस्ताक्षर करेंगे। निचले सदन द्वारा विधेयक पारित करने के कुछ घंटे बाद सीनेट ने आम-सहमति से विधेयक को

● **राष्ट्रपति ने विधेयक को लेकर बढ़ती लामबंदी के बीच इस पर अपना रुख नरम कर लिया है**

पारित करने की मंशा जाहिर कर दी। मंगलवार को कांग्रेस में हुए निर्णायक, द्विदलीय मत विभाजन ने सांसदों और ट्रंप प्रशासन पर लंबे समय से चली आ रही मांगों को पूरा करने के लिए बढ़ते दबाव को और स्पष्ट कर दिया कि न्याय विभाग एपस्टीन से संबंधित अपनी केस फाइलें जारी करे। एपस्टीन एक प्रभावशाली फाइनेंसर था, जिसने 2019 में नाबालिग लड़कियों के यौन शोषण और तस्करी के आरोपों में मुकदमे का इंतजार करने के दौरान मैनहट्टन जेल में आत्महत्या कर ली थी।

# '2030 तक रूस-भारत का द्विपक्षीय व्यापार पहुंचेगा 100 बिलियन डॉलर': जयशंकर

**मास्को।** भारत ने रूस के साथ अपने रिश्तों को मजबूत करने की दिशा में एक और कदम आगे बढ़ाया है। भारत ने रूस के येकातेरिनबर्ग और कजान में दो नए महावाणिज्य दूतावासों का उद्घाटन किया। इस मौके पर विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर ने कहा, ₹यह हमारे लिए एक महत्वपूर्ण दिन है जब हम इस देश में दो और महावाणिज्य दूतावास जोड़ रहे हैं।"

एस जयशंकर ने कहा कि ये महावाणिज्य दूतावास दोनों देशों के बीच सिर्फ संबंध मजबूत नहीं करेंगे, बल्कि इससे आशा है कि भारत के साथ रूस का द्विपक्षीय व्यापार 2030 तक 100 बिलियन डॉलर तक पहुंच जाएगा। गौरतलब है कि फिलहाल भारत और रूस के बीच 68.7 बिलियन डॉलर का द्विपक्षीय व्यापार होता है।

एस जयशंकर ने कार्यक्रम में शामिल लोगों से कहा, "मैं कहना चाहता हूं कि पिछले कुछ महीनों से इन वाणिज्य दूतावासों की स्थापना के लिए लगातार काम चल रहा था। येकातेरिनबर्ग को अक्सर अपने औद्योगिक महत्व की वजह से रूस की तीसरी राजधानी कहा जाता है और यह साइबेरिया का प्रवेश द्वार है। अपनी भारी इंजीनियरिंग, रत्न कटाई, रक्षा निर्माण, धातु विज्ञान, परमाणु ईंधन, रसायन और चिकित्सा उपकरणों के लिए जाना जाने वाला यह क्षेत्र रूस के सबसे प्रमुख अंतरराष्ट्रीय आर्थिक मंचों में से एक, इन्नोप्रोम की मेजबानी करता है।" विदेश मंत्री ने कहा कि वाणिज्य दूतावास के खुलने से भारतीय और रूसी उद्योगों के बीच तकनीकी, वैज्ञानिक, आर्थिक और व्यापार सहयोग को सक्षम और मजबूत करने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा, ₹कजान अपने तेल उत्पादन और शोधन, उर्वरकों, ऑटोमोबाइल, रक्षा निर्माण, फार्मास्यूटिकल्स और विद्युत उपकरणों के लिए प्रसिद्ध है।" उन्होंने कहा कि मुझे विश्वास है कि दो नए वाणिज्य दूतावासों के खुलने से भारत-रूस संबंध और मजबूत होंगे और यह निश्चित रूप से हमारे संबंधों में एक नए चरण की शुरूआत करेगा। उन्होंने कहा कि रूस में बड़ी संख्या में और भारत के अलग-अलग राज्यों से आए प्रवासी हैं, जिनमें आज 30,000 से अधिक भारतीय छात्र शामिल हैं।

जयशंकर ने कहा कि इनमें से करीब 7,000 कजान के महावाणिज्य दूतावास के अधिकार क्षेत्र में और 3,000 येकातेरिनबर्ग के अधिकार क्षेत्र में रहते हैं।



**विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि वाणिज्य दूतावास के खुलने से भारतीय और रूसी उद्योगों के बीच तकनीकी, वैज्ञानिक, आर्थिक और व्यापार सहयोग को सक्षम और मजबूत करने में मदद मिलेगी।**




# ट्रंप से तकरार के बाद दूसरी बार साथ नजर आए मस्क

## सऊदी क्राउन प्रिंस के लिए आयोजित रात्रिभोज में हुए शामिल

**वॉशिंगटन।** अरबपति कारोबारी एलन मस्क मंगलवार को व्हाइट हाउस में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और सऊदी क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान के साथ रात्रिभोज में शामिल हुए। इस साल सार्वजनिक तकरार के बाद यह दूसरी बार था, जब ट्रंप और मस्क एक साथ नजर आए।

**मस्क ने की ट्रंप के चुनाव में फंडिंग**

रात्रिभोज में मस्क की मौजूदगी से इस बात के संकेत मिल रहे हैं कि उनके और ट्रंप के बीच तनावपूर्ण संबंधों में सुधार हो सकता है। मस्क ने पिछले चुनाव में ट्रंप का खुले तौर पर समर्थन किया था और उन्हें फंडिंग दी थी।

ट्रंप के सत्ता में आने के बाद वह उनके करीबी सलाहकार बने। उन्होंने सरकारी दक्षता विभाग का नेतृत्व भी किया और संघीय फंडिंग व नौकरियों में कटौती की निगरानी की।

**क्यों हुई थी दोनों के बीच तकरार?**

लेकिन दोनों के बीच जल्द ही



विवाद खड़ा हो गया। मस्क ने सोशल मीडिया पर ट्रंप के व्यापक कर और खर्च विधेयक की आलोचना की और इसे वित्तीय रूप से जोखिमपूर्ण बताया। उन्होंने यह भी कहा कि वह नया राजनीतिक दल बनाने की योजना बना रहे हैं। इसके बाद ट्रंप ने पलटवार करते हुए मस्क की कंपनियों को मिलने वाले अरबों डॉलर की संघीय ट्रंप ने पलटवार करते हुए मस्क की कंपनियों को मिलने वाले अरबों डॉलर के संघीय वित्तीय मदद में कटौती करने की धमकी दी।

**चार्ली किर्क की स्मृति सभा में दिखे थे साथ**

विश्लेषकों के अनुसार, इस तकरार और मस्क की दक्षिणपंथी राजनीतिक भाषा ने टेस्ला की ब्रांड छवि, बिक्री और स्टॉक कीमत को नुकसान पहुंचाया। इसके बाद मस्क और ट्रंप सार्वजनिक रूप से कम ही दिखाई दिए। मस्क को आखिरी बार सितंबर में दक्षिणपंथी कार्यकर्ता चार्ली किर्क की स्मृति सभा में ट्रंप के साथ हाथ मिलाते देखा गया। ट्रंप इस समय सऊदी अरब के क्राउन प्रिंस का स्वागत कर रहे हैं, जो अपनी वैश्विक छवि सुधारने और वाशिंगटन के साथ संबंध मजबूत करने की कोशिश कर रहे हैं। रात्रिभोज में पुर्तगाल के फुटबॉल स्टार क्रिस्टियानो रोनाल्डो और एनवीडिया के मुख्य कार्यकारी अधिकारी जेनसन हुआंग भी मौजूद थे।


कार्यालय सेनानायक टास्क फोर्स 47वीं पीएसी गाजियाबाद।

विज्ञप्ति

47वीं टास्कफोर्स पीएसी गाजियाबाद में चाय केन्टीन जिसमें चाय, मिठाई, नमकीन की दुकान के लिये टेण्डर दिनांक 5-12-2025 को प्रातः 10:00 बजे से दोपहर 12:00 बजे तक आमंत्रित किये जायेगें। टेण्डर उसी दिन दोपहर बाद खोले जायेगें। टेण्डर डालने वाले ठेकेदार अधिक जानकारी सेनानायक टास्कफोर्स 47वीं पीएसी कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस में कर सकते हैं।

पत्रांक ठ-04/2024
दिनांक नवम्बर ,2025

सेनानायक
टास्क फोर्स 47वीं पीएसी
गाजियाबाद।




# सचिन तंवर का शुभ विवाह सोनल के साथ दिल्ली में धूमधाम से सम्पन्न







गाजियाबाद (करंट क्राइम)। भाजपा महानगर महामंत्री पप्पू पहलवान के भतीजे तथा सुभाष तंवर के सुपुत्र सचिन का शुभ विवाह घिटोरनी निवासी सुरेन्द्र लोहिया की सुपुत्री सोनल के साथ धूमधाम से सम्पन्न हुआ। दिल्ली में आयोजित विवाह समारोह में समाज के गणमान्य लोग पहुंचे और वर-वधु को आशीर्वाद दिया।

# नकुड़ में 'रन फॉर यूनिटी' पदयात्रा का आयोजन

## एमएलसी दिनेश गोयल रहे केंद्र में, संयमित नेतृत्व से कार्यक्रम हुआ प्रभावी



**नकुड़, करंट क्राइम।** लौहपुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर नकुड़ विधानसभा में 'रन फॉर यूनिटी' पदयात्रा का आयोजन किया गया। सुबह से ही क्षेत्र के विभिन्न हिस्सों से लोग छोटे-छोटे समूहों में पदयात्रा स्थल पर पहुँचे, जिसके बाद कार्यक्रम एक अनुशासित और उत्साहपूर्ण वातावरण में प्रारम्भ हुआ। स्थानीय नागरिकों, युवाओं, महिलाओं, स्कूली छात्रों, एनसीसी कैडेट्स तथा सामाजिक संस्थाओं ने राष्ट्र की एकता, अखंडता और स्वदेशी विचार को आगे बढ़ाने की भावना के साथ सहभागिता दर्ज कराई। पदयात्रा के दौरान प्रतिभागियों ने सरदार पटेल के राष्ट्रनिर्माण में दिए योगदान को याद करते हुए 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' का संदेश दिया।

### कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रहे एमएलसी दिनेश गोयल

पदयात्रा में भाजपा एमएलसी दिनेश गोयल की सक्रिय उपस्थिति और नेतृत्व पूरे कार्यक्रम का प्रमुख केंद्र रहा। उनके संयमित मार्गदर्शन ने आयोजन में अनुशासन, प्रबंधन और सकारात्मक ऊर्जा को बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। प्रतिभागियों से संवाद करते हुए उन्होंने कहा कि सरदार पटेल ने भारत को एकता के सूत्र में पिरोने का जो कठिन कार्य किया, वह आज भी हम सभी के लिए प्रेरणा है। उन्होंने युवाओं से स्वदेशी उत्पादों को प्राथमिकता देने और आत्मनिर्भर भारत की दिशा में सक्रिय योगदान का आह्वान किया।

### साझा सहभागिता से बढ़ा कार्यक्रम का प्रभाव

स्कूलों के छात्र, एनसीसी कैडेट्स, भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता और स्थानीय नागरिकों की सहभागिता ने कार्यक्रम को सार्थक स्वरूप दिया। पदयात्रा के दौरान सभी वर्गों में राष्ट्रभक्ति और सामाजिक जागरूकता की भावना स्पष्ट झलकी। स्वदेशी वस्तुओं के उपयोग, स्थानीय उद्यमों को बढ़ावा देने तथा समाज में एकता और सद्भाव बनाए रखने का संदेश प्रभावी ढंग से प्रसारित किया गया।

कार्यक्रम की सफलता पर आयोजकों ने सभी जनप्रतिनिधियों और स्थानीय नागरिकों के प्रति आभार व्यक्त किया। सहयोग देने वालों में पूर्व सांसद प्रदीप चौधरी, नकुड़ विधायक मुकेश चौधरी, पूर्व विधायक महिपाल सिंह मांजरा, सरसावा नगर पालिका चेयरमैन राजू कुमार, नकुड़ नगर पालिका चेयरमैन शिव कुमार गुप्ता, चिलकाना चेयरमैन चांद मियां, पूर्व चेयरमैन नवीन जैन तथा नकुड़ विधानसभा के सभी मंडल अध्यक्ष शामिल रहे। पदयात्रा ने क्षेत्र में एकता, स्वदेशी और जनसहयोग की मजबूत मिसाल पेश की।






▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** हमें भगवा योद्धा के साथ काम करना बहुत अच्छा लगता है? हम उनसे कौन सा पद मांगे? आज तक हमें सूझा ही नहीं? वहीं सच बतायें आपको दिल की बात? उन्होंने भी आज तक हमसे पूछा ही नहीं? बस हम से कहा नहीं जा रहा? समझ नहीं आ रहा कि उनसे क्यों हमसे पूछा नहीं जा रहा? हम तो हर राह पर चल रहे हैं उनके साथ? धुक-चुक इस बात की जरूर लगी रहती है? कहीं वो रख ना दें किसी और के कंधे पर हाथ?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** अगर आप डालोगे इन्दिरा जी वाले एरिया के सभी भगवा मैम्बर्स पर नजर? तस्वीरें स्पष्ट करेंगी इस बात को कि सब जाते हैं कहीं पर भी एक साथ? मगर यहां पर कुछ अलग भी नजर आते हैं हालात? हमें होता है ये अक्सर महसूस? इन्होंने तोड़ लिया है मैम्बर ठाकुर से नाता? ये सभी साथ नजर आते हैं? मगर ये ठाकुर चेहरा इनके साथ कभी नजर नहीं आता? कहने वाले ने कहा आखिर इतनी बेरूखी का संदेश कहां से और किस तरह से है दिया जाता?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** हम आपको बता रहे हैं गोविंद जी वाले एरिया की बात? यहां पर एसआईआर अभियान पर भगवा वाले कुछ ध्यान नहीं दे रहे हैं खास? बस व्हाट्सऐप-व्हाट्सऐप खेल कर, कर रहे है समस्याओं का समाधान? जब भी कोई यहां की टीम को फोन करता है? तो वो व्हाट्सऐप मैसेज कर देते हैं श्रीमान? कहने वाले ने कहा जब भगवा ठाकुर लेकर चल रहे हैं इतनी लंबी टीम? तो फिर इस टीम के चेहरों को वो मौके पर भेज कर क्यों नहीं कर रहे समस्या का समाधान?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** लाईन पार के धर्मेन्द्र भैया खुल कर खेल रहे हैं वीरू वाली पारी? इन पर विधायक जी की इतनी कृपा है कि ये जानते हैं कोई चाहकर भी नहीं कर सकता इनकी पेंशन जारी? ये भगवा योद्धा के फोटो को अपने होर्डिंग पर देते हैं बहुत ही छोटा स्थान? कहने वाले ने कहा जिसकी दूर की नजर खराब है? उसका तो जाता ही नहीं होगा ध्यान? कहने वाले ने कहा कि वीरू ने खूब बनाया है इग्नोर करने का प्लान?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** इन दिनों भगवा कार्यालय पर आई हुई है बहार? सुना है यहां पर मिस्टर रंजन ने एसआईआर वाला काम छेड़ा हुआ है जोरदार? सुबह ही जोड़ लेते हैं वो यहां पर अखाड़ा? बहुत दिनों बाद चहल-पहल से भरा हुआ नजर आ रहा है पार्टी कार्यालय का नजारा? कहने वाले ने कहा रंजन जी इस अभियान में यूं ही डटे रहना? फिर से पड़ने लगे हैं पुराने चेहरों के यहां पर कदम? ये तो है कि बैठने से रौनक बनी रहती है सनम?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** कब तक कार्यक्रम करने के नाम पर भगवा योद्धा के सामने आने से नागर और कसाना कन्नी काटेंगे काट? ऐसे तो नहीं चलने देने चाहिए भगवा योद्धा को इनके ठाठ? सिर्फ डेढ़ा से ही क्यों बनवाया जा रहा है मेहनत का पेड़ा? क्यों योद्धा की हट गई है नागर और कसाना के ऊपर से नजर? या तो ये दोनों योद्धा के आंकलन में फेल हो गये हैं? या फिर इनके दिमाग में दूर रहने के चालू खेल हो गये हैं? कहने वाले ने कहा जब नागर जी, शिशौदिया जी के साथ नजर आ रहे हैं डाल-डाल और पात-पात? तो फिर पार्टी के कार्यक्रमों से रहे हैं कन्नी काट?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** एसआईआर अभियान को लेकर एक विधायक ऐसे हैं जिन्होंने जलाई हुई है सबसे ज्यादा अलख? उन्होंने अपने क्षेत्र के पार्षदों और मंडल अध्यक्षों को दे दिया है संदेश? डट जाओ इस कार्य को पूरा करने में? इसके अलावा कोई भी बात मुझको नहीं चाहिए अलग? रोजाना हैवीवेट मंत्री कर रहे हैं इस मामले में अपने आवास पर मीटिंग? कुछ तो असर दिखायेगी उनकी ये सक्रियता वाली सीटिंग?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** महिम भैया की महिमा है निराली? योद्धा के कार्यक्रम का प्रचार करने में उन्होंने अपने होर्डिंग का कोई भी हिस्सा नहीं रखा खाली? हर चेहरे को दिया इन्होंने स्थान? मगर यहां पर भी ढूंढने वालो ने ढूंढ ली राजनीति श्रीमान? कहा हमें नजर नहीं आया होर्डिंग का कोटा? गर्ग साहब का मोटा और चीफ गेस्ट कश्यप जी का इन्होंने लगाया फोटो छोटा? कहने वाले ने कहा राजनीति चीज ही ऐसी है? यहां पर अच्छा भी करो तो निकालने वाले निकाल ही लेते हैं टोटा?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** राम नाम की लूट मची है लूट सके तो लूट? हमें तो समझ नहीं आ रहा कि कैसे कार्यकर्ता लेंगे सांसे? भगवा कमांडर ने यात्रा का बना लिया है इतना लंबा रूट? कहने वाले ने कहा अब किसी का गला सूखे या कोई हो कितना हैरान? मगर ये भी सच है कि जब मौका आता है? तब भगवा कमांडर लेते हैं मजबूत वाला पैगाम? आज इस यात्रा पर कईयों ने नजरें टिकाई हुई हैं श्रीमान?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** फिर चेहरे पर प्रश्नवाचक चिन्ह लेकर खड़े हुए थे कई मैम्बरों के फेस? कह रहे थे क्या हुआ है पता नहीं चला इन शीतल दीदी वाला केस? अचानक से इस केस की गतिविधियां दिख रही है शांत? आखिर कब खुलासा होगा इसको जानने के लिए हमारा मन है अशांत? कहने वाले ने कहा कि कुछ तो रिजल्ट आयेगा? ऐसे ही ये मामला खाली रह जायेगा।

नोट : उठते सवालों का करंट लेखक की व्यक्तिगत राय नहीं है, बल्कि रोजाना क्षेत्र में उठने वाली चर्चाओं का संग्रह है।

# महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल ने प्रवीण चौधरी को उपाध्यक्ष चुने जाने पर दी बधाई

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** नगर निगम गाज़ियाबाद में वार्ड 84 राजनगर के पार्षद प्रवीण चौधरी को निर्विरोध उपाध्यक्ष चुने जाने पर भाजपा महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल ने उन्हें हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर मयंक गोयल ने आस्था के प्रतीक राम दरबार की प्रतिमा भेंट कर प्रवीण चौधरी का सम्मान किया।

मयंक गोयल ने कहा कि प्रवीण चौधरी एक जमीनी, सक्रिय और समर्पित जनप्रतिनिधि हैं। उन्हें निर्विरोध उपाध्यक्ष चुना जाना इस बात का प्रमाण है कि सदन और संगठन दोनों में उन्हें व्यापक विश्वास प्राप्त है। नगर निगम के विकास कार्यों की गति, सुशासन और पारदर्शिता को मजबूत करने में उनकी भूमिका अहम होगी।



निर्विरोध उपाध्यक्ष बनाए जाने पर प्रवीण चौधरी ने भाजपा संगठन, नगर निगम सदन और विशेष रूप से महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह जिम्मेदारी मेरे लिए बड़ा सम्मान और विश्वास का प्रतीक है। मैं जनहित, पारदर्शिता और विकास को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए संगठन की अपेक्षाओं पर खरा उतरने का प्रयास करूंगा।

उन्होंने कहा कि वार्ड 84 ही नहीं, पूरे नगर में स्वच्छता, सड़क-इंफ्रास्ट्रक्चर, प्रकाश व्यवस्था, यातायात सुधार और नागरिक सुविधाओं के उन्नयन को तेजी से आगे बढ़ाया जाएगा।

इस अवसर पर भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष बलराम रावल ने भी बधाई देते हुए कहा कि प्रवीण चौधरी का उपाध्यक्ष चुना जाना नगर निगम की कार्यप्रणाली को और अधिक व्यवस्थित और प्रभावी बनाने में सहायक सिद्ध होगा।




### लो बात कर लो फूलचंद बीएलओ ने किराये पर रख लिया बीएलओ

फूल वालों के यहां वेलकम भांगड़ा इस बात को लेकर हो रहा है कि अजी वोटर लिस्ट में तो बहुत सारे नाम फालतू हैं। हम उन्हें हटवा देंगे। फूल वाले समर्थक इस बात पर फूले नहीं समा रहे हैं कि उनके विधायक जी का कद बढ़ गया है। विधायक जी बीएलओ के साथ घूम रहे हैं और पार्षद जी भी बीएलओ के साथ मौहल्ले में डोल रहे हैं। फूल वाले सर-सर की बात कर रहे हैं और सरकारी बाबूओं ने पूरे सिस्टम को काबू कर लिया है। जो सरकारी बाबू दफ्तर में काम करने के लिए किराये पर आदमी रख लेते हैं। वो बाबू भला वोटर लिस्ट लेकर घर-घर नहीं डोलेंगे। फूल वालों का फूल इन सरकारी बाबूओं ने काट दिया है। दरअसल वो जिस बीएलओ को फूल सिंह समझ रहे हैं वो फूल सिंह तो विभाग का काम देख रहा है और फूल सिंह बीएलओ ने किराये पर बीएलओ रख लिया है। वो काम कर रहा है। फूल वालो को इस बात की खबर हो कि ऐसा एक जगह नहीं कई जगह हुआ है जिन्हें वो सरकारी टीचर समझ कर मैडम मैडम कर रहे हैं वो बीएलओ सरकारी टीचर न होकर आंगनवाड़ी की कार्यकर्ता है। सरकारी स्कूल की मैडम ने उसे अभियान के लिए हायर कर लिया है। बात अगर अफसरों तक आई भी तो झंड फूल वाले होंगे और दलील ये दी जायेगी कि तुम्हें काम से मतलब है या बीएलओ से।

### हम नहीं हैं उस पर डिपेंड, वो चाहे तो करा दे हमें पार्टी से सस्पेंड

फ्लावर वालों के यहां लहजे सभी के फायर वाले हैं। जो छोटा चुनाव जीते हैं वो भी खुद को बहुत बड़ा मान रहे हैं। जो बड़ा चुनाव जीते हैं उनके बारे में लोग कहते हैं कि वो तो खुद को अब खुदा मान रहे हैं। कौन क्या मान रहा है ये बाद की बात है। लेकिन रोचक बात ये है कि पार्टी में कोई किसी को नहीं मान रहा है। किस्सा फ्लावर वालों के बीच का है और जब किसी ने उनकी नाराजगी का जिक्र मौहल्ला सरकार से किया तो मौहल्ले वाले नेता का फेस ही चेंज हो गया। उसने साथ वाले से कहा कि हमें भी जनता ने चुना है और हम उन पर डिपेंड नहीं है। उनके बसका हो तो हमें पार्टी से सस्पेंड करा दें। फ्लावर वाला नेता इतना कहकर ही शांत नहीं हुआ। वो फिर पलटा और नाराजगी का पैगाम देने वाले नेता की तरफ देखा और कहा कि उनसे कहना कि वो हमारा वो वेतन होल्ड करा दे जो हमें सरकार से मिल रहा है और सुनो उनसे ये भी कहना कि वो गनर भी वापस करा दें जो हमें मिले हैं। फिर भी फूल वाला सेटिसफाई नहीं हुआ और बोला कि उन्हें जाकर कह देना कि हमसे वो आवास भी खाली करा लें जो उन्होंने हमें आवंटित किया है।

### रशियन बनी थी गले की फंसियन लेकिन रिपोर्ट में वो हो गये किन्नर में कन्वर्ट

गुटके वाले लाला जी ने दो रशियन क्या नचा लीं। दोनों रशियन उनके गले की फंसियन बन गई। पुलिस की आसामी बने अलग और शहर में बदनामी हुई अलग। सुना तो ये है कि उसके बाद लाला जी ने ऐलानियां अंदाज में कोतवाल का तबादला कराया। रशियन के डांस से ज्यादा लाला जी के मन में इस बात की फांस थी कि हमें कस्टडी में बिठाने की क्या जरूरत थी। लेकिन सुना है कि अब ये बेटल भी खत्म हो गया है और पूरा मामला भी सेटल हो गया है। जो आवाज बाजार में सुनाई दे रही है वो ये है कि लोगों के देखने में खराबी है जिन्हें आप रशियन समझ रहे हो वो तो किन्नर हैं। थोड़ा इंतजार करो पिस्तौल का फायर भी ड्रामे वाली गन में कन्वर्ट हो जायेगा। मामला पूरी तरह से शांत हो जायेगा।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में किसान दिवस का आयोजन

## शिकायत मिलते ही शुरू हो गुणवत्तापूर्ण निस्तारण की कार्यवाही: रविन्द्र कुमार मांदड़

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार माँदड़ की अध्यक्षता में बुधवार को विकास भवन स्थित दुर्गावती देवी सभागार में किसान दिवस का आयोजन किया गया। इस बैठक में किसानों की शिकायतों पर त्वरित और गुणवत्तापूर्ण कार्रवाई सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया। जिलाधिकारी माँदड़ ने सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया कि कोई भी शिकायत मिलते ही उस पर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण की कार्यवाही तुरंत शुरू की जाए और अतिशीघ्र निस्तारित कर आख्या उप कृषि निदेशक, गाजियाबाद को उपलब्ध कराई जाए।



### किसानों ने व्यक्त किया आभार

**करंट क्राइम।** बैठक के दौरान किसानों ने जिलाधिकारी की कार्यशैली की खुलकर प्रशंसा की। किसानों ने कहा कि जिलाधिकारी के निर्देशन पर ही गन्ना भुगतान हो पाया है और उनकी त्वरित कार्यवाही के कारण सभी शिकायतों का समय से गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हो रहा है। इसके लिए सभी किसानों ने जिलाधिकारी को धन्यवाद ज्ञापित किया। उप कृषि निदेशक, राम जतन मिश्र ने गत किसान दिवस की शिकायतों की अनुपालन आख्या विस्तार से पढ़कर सुनाई, जिस पर किसानों ने निस्तारण पर संतोष व्यक्त किया।

### जिलाधिकारी ने विभिन्न कार्यो के लिए समयबद्ध निर्देश दिए

**सड़क एवं डाइवर्जन:** अधिशासी अभियन्ता लोक निर्माण विभाग को दुहाई ग्राम के पास हिसाली मार्ग पर टूटी हुई सड़क को ठीक कराने का निर्देश दिया गया। वहीं, परियोजना निदेशक, भा०रा०रा०प्रा० को चुड़ियाला ग्राम के पास मेरठ एक्सप्रेसवे पर टूटे डाइवर्जन को अभियान चलाकर 15 दिवस में कार्य पूर्ण करने को कहा गया।

**यातायात नियंत्रण:** अधिशासी अभियन्ता लोक निर्माण विभाग को मुरादनगर हरिद्वार कावड़ मार्ग पर भारी वाहनों को रोकने की व्यवस्था का परीक्षण कर आवश्यक कार्यवाही करने का निर्देश दिया गया।

**नहर सफाई:** अधिशासी अभियन्ता सिंचाई गाजियाबाद को निर्देश दिया गया कि वे अधिशासी अभियन्ता मेरठ गंगनहर से समन्वय स्थापित कर तहसील मोदीनगर में राजवाहा की सफाई कराएं।

बैठक में भारतीय किसान यूनियन के पदाधिकारी बिजेन्द्र तोमर, राजवीर सिंह, छोटे चौधरी समेत लगभग 70 कृषकों ने प्रतिभाग किया। इस दौरान किसानों ने जिलाधिकारी को शिकायतों के संबंध में ज्ञापन भी सौंपा। विद्युत, सिंचाई, गन्ना, मत्सय, लोक निर्माण विभाग समेत अन्य जनपद स्तरीय अधिकारी भी उपस्थित रहे।




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। जनसेवक अजय गुप्ता और उनकी पत्नी रमा गुप्ता के लिए ये दिन कुछ खास है। दोनों को वैवाहिक बंधन में बंधे हुए 37 वर्ष पूरे हुए। अजय गुप्ता ने मैरिज ऐनीवर्सरी पर अपनी पत्नी रमा गुप्ता का आभार व्यक्त करते हुए लिखा कि मेरे हर दुख सुख में तुमने हमेशा साथ दिया। ढलती उम्र के इस पड़ाव में तुम खुशनसीबी हो मेरी। मेरे सर का ताज हो तुम। तुम्हारा मुकाम मेरे लिए सबसे अलग है। मैरिज ऐनीवर्सरी पर अपनी जीवन साथी को शुभकामनाएं देती और आभार व्यक्त करती यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।

# ट्रक से भिड़ा ऑटो, छह घायल, दो की हालत गंभीर

**गाजियाबाद करंट क्राइम।** मसूरी थाना क्षेत्र ने नेशनल हाईवे पर मंगलवार की सुबह पांच बजे सवारियों से भरा अनियंत्रित ऑटो हापुड़ की ओर जा रहे ट्रक में जा घुसा। हादसे में चालक सहित छह सवारी घायल हो गई। इनमें से दो लोगों की हालत नाजुक बताई जा रही है। हादसे के बाद चालक ट्रक लेकर भाग गया। पुलिस घटनास्थल की सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है।

एसीपी मसूरी लिपी नगायच ने बताया कि मंगलवार की सुबह नेशनल हाईवे नौ स्थित एहसान कट के नजदीक ऑटो अचानक आगे चल रहे एक ट्रक से जा भिड़ा। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि ऑटो के परखच्चे उड़ गए। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को अस्पताल पहुंचाया और ट्रक व क्षतिग्रस्त ऑटो को अपने कब्जे में ले लिया। घायलों में से चार को प्राथमिक उपचार के बाद अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है। हालाकि, दो घायलों की हालत अभी भी गंभीर बताई जा रही है और उनका इलाज जारी है। गंभीर रूप से घायल व्यक्तियों को आईसीयू में रखा गया है।

घायलों में ऑटो चालक इंतजार(30), निवासी भूरगढ़ी मसूरी, हरिराम(38) निवासी ग्राम पूछरी थाना बनियापुर जिला सारण बिहार, पवन शर्मा (40) निवासी ग्राम गांकड़ी थाना चिकसाना भरतपुर राजस्थान, साहिल(20) व असरफ अली(35) निवासी राबर्ट्सगंज जिला सोनभद्र, वैजनाथ चौधरी(40) निवासी ग्राम बिक्रूबिगहा थाना व जिला अरवल बिहार घायल हो गए। इनमें से इंतजार, पवन शर्मा व हरिराम गंभीर रूप से घायल हैं। जिन्हें संजय नगर स्थित संयुक्त अस्पताल में रैफर किया गया है। एसीपी ने बताया कि दुर्घटना के बाद आरोपी चालक ट्रक लेकर मौके से भाग गया है। सीसीटीवी खंगाली जा रही हैं। हालांकि घायलों में से किसी ने भी थाने में तहरीर नहीं दी है। गंभीर रूप से घायल तीनों की हालत में सुधार है।

# सचिवालय में डेटा एंट्री ऑपरेटर की नौकरी के नाम पर तीन लाख ठगे

**गाजियाबाद करंट क्राइम।** बादलपुर गौतमबुद्धनगर निवासी व्यक्ति से दिल्ली सचिवालय में डेटा एंट्री ऑपरेटर की नौकरी लगवाने के नाम पर तीन लाख रुपये की ठगी होने का मामला प्रकाश में आया है। आरोपियों ने पैसे लेने के बाद पीड़ित को फर्जी नियुक्ति पत्र थमा दिया। पत्र लेकर नौकरी वाली जगह पर जाने के बाद फजीवाड़े का पता चला। बाद में पैसे मांगने पर आरोपियों ने झूठे केस में फंसाने की धमकी दी। एसीपी मसूरी लिपी नगायच ने बताया कि गांव दुरियाई, कचैड़ा बादलपुर गौतमबुद्धनगर निवासी कृष्णपाल ने डिडवारी-चितौड़ा मसूरी निवासी सागर व उसकी मां सुनीता के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। पीड़ित के अनुसार वह अपने बेटे के साथ अपनी बेटी की ससुराल गया था। इस दौरान उनकी मुलाकात उपरोक्त आरोपियों से हुई। सागर ने उन्हें बताया कि वह दिल्ली सचिवालय में नौकरी करता है और वहां डेटा एंट्री आपरेटर के पद पर तीन वेकेंसी निकली है। वह तीन लाख रुपये में उनके बेटे की नौकरी लगवा देगा।




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। चिंटू जी की गुस्ताखियां माफ हों.. नोट : चिंटू जी कॉलम अखबार में ही प्रकाशित होता है। इस किरदार का सोशल मीडिया पर अखबार से अतिरिक्त डाली गई पोस्ट से कोई संबंध नहीं है।